● वर्ष : 17 ● अंक : 138 ● मूल्य : 02 रुपया मात्र ● पृष्ठ : 08

LKS

RNI NO.: DELHIN / 2008 / 23928

www.loktantrakishaan.com

# दैनिक लोकतंत्र की शान

दिल्ली से प्रकाशित सोमवार 09 मार्च 2026 लोकतंत्र का स्तंभ

# दिल्ली का विकास पूरे देश की छवि से जुड़ा है: प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी, नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली का विकास केवल एक शहर का विकास नहीं है बल्कि पूरे देश की छवि और प्रतिष्ठा से जुड़ा है। राजधानी जितनी आधुनिक, सुव्यवस्थित और बेहतर कनेक्टिविटी वाली होगी, उतना ही भारत का आत्मविश्वास और वैश्विक पहचान मजबूत होगी। प्रधानमंत्री मोदी आज यहां बुराड़ी में आयोजित एक कार्यक्रम में लगभग 33,500 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से दिल्ली के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी, यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और लोगों के जीवन को अधिक सुविधाजनक बनाया जा सकेगा।

उन्होंने कहा कि दिल्ली भारत के लोकतंत्र की पहचान और ऊर्जा का प्रतीक है। दुनिया का कोई भी व्यक्ति जब भारत जैसे विशाल लोकतंत्र की कल्पना करता है तो उसके मन में सबसे पहले दिल्ली की तस्वीर उभरती है। इसलिए राजधानी का विकास पूरे देश की प्रतिष्ठा से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार दिल्ली को आधुनिक और विकसित शहर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। मेट्रो नेटवर्क के विस्तार, परिवहन सुविधाओं के आधुनिकीकरण और आवासीय ढांचे के विकास के माध्यम से राजधानी को नई दिशा दी जा रही है। आज जिन परियोजनाओं की शुरुआत की गई है, उनमें दिल्ली मेट्रो के नए कॉरिडोर, मेट्रो विस्तार योजनाएं तथा सरकारी कर्मचारियों के लिए आधुनिक आवासीय परिसरों का निर्माण शामिल है। उन्होंने कहा कि मेट्रो नेटवर्क के विस्तार से राजधानी में कनेक्टिविटी और मजबूत होगी तथा लाखों लोगों को रोजमर्रा के जीवन में बड़ी सुविधा मिलेगी। विशेष रूप से पूर्वी और उत्तर-पूर्वी दिल्ली के निवासियों के लिए दैनिक आवागमन पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान हो जाएगा। इसके साथ ही राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के शहरों- गाजियाबाद, नोएडा, फरीदाबाद और गुरुग्राम से दिल्ली के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचना अधिक सुविधाजनक बनेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य में एक ही दल की सरकार होने से विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष में दिल्ली में बुनियादी ढांचे के विकास को नई गति मिली है और कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि एक वर्ष पहले दिल्ली के लोगों ने नई उम्मीद और संकल्प के साथ "डबल इंजन" की सरकार बनाई थी और उसके परिणाम आज विकास कार्यों के रूप में दिखाई दे रहे हैं।

उन्होंने राजधानी के विकास में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में दिल्ली आधुनिक और विकसित शहर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार दिल्ली को आधुनिक और विकसित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। पूर्ववर्ती केजरीवाल सरकार पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज शुरू की गई परियोजनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि एक वर्ष पहले दिल्ली ने जिस "आपदा" से मुक्ति पाई थी, वह कितना आवश्यक था। उन्होंने बिना नाम लिए कहा कि पिछले लगभग दस वर्षों तक यहां की सरकार ने विकास कार्यों को रोक कर रखा। उनका मॉडल "काम कम, बहाने ज्यादा" का था, जबकि भाजपा का मॉडल "बहाने बंद, काम शुरू" का है। उन्होंने कहा कि पहले दिल्ली में कई परियोजनाएं फाइलों में ही अटकी रह जाती थीं, लेकिन अब परियोजनाएं तेजी से जमीन पर उतर रही हैं। भाजपा सरकार मिशन मोड में काम करते हुए राजधानी की चुनौतियों का समाधान करने में जुटी है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की "नारी शक्ति" आज हर क्षेत्र में नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रही है। राजनीति, प्रशासन, विज्ञान, खेल और समाज सेवा सहित अनेक क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के बुनियादी ढांचे को आधुनिक और सशक्त बनाना अत्यंत आवश्यक है।

## ज्वलंत मुद्दा | संपादकीय

### ट्रंप और नेतन्याहू के चेहरे उतरे



अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान के ऊपर बड़ी तैयारी के साथ हमला किया था। डोनाल्ड ट्रंप और नेतन्याहू को लग रहा था, एक सप्ताह के अंदर वह ईरान को घुटनों पर लाकर खड़ा कर देंगे। ईरान में सत्ता परिवर्तन करा देंगे। लेकिन जिस तरह से ईरान ने हर हमले का बढ़-चढ़कर जवाब दिया है उसके बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू के चेहरे उतर गए हैं। ईरान ने जितना नुकसान इजराइल का किया है उससे कहीं ज्यादा नुकसान खाड़ी देशों में जो अमेरिकी सैन्य अड्डे थे वहां पर ईरान ने विध्वंस मचाया है। इससे सारी दुनिया के देश भोंचक्के रह गए हैं। इजरायल ने सोचा था ईरान के सुप्रीमो अयातुल्लाह ख़ामेनेई और प्रथम पंक्ति के नेताओं की हत्या के बाद ईरान के पास सरेंडर करने के अलावा और कोई विकल्प नहीं होगा। ईरान की जनता सड़कों पर निकल आएगी और विद्रोह कर देगी। लेकिन ठीक इसके उल्टा हुआ।

ख़ामेनेई की हत्या के बाद ईरान की सारी जनता एकजुट हो गई। ईरान ने लगातार मिल रही धमकियों को देखते हुए मिसाइलों और ड्रोन के रूप में मुकाबले के लिए जो तैयारी कर रखी थी उसकी जरा सी भी जानकारी इजरायल और अमेरिका को नहीं थी। अमेरिका और इजरायल को यह भी पता नहीं था कि रूस और चीन ईरान की इस तरह से मदद कर सकते हैं, जिसके कारण पहली बार ईरान के साथ जंग में इजरायल और अमेरिका दोनों को ही भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। वही डोनाल्ड ट्रंप और नेतन्याहु को अपनी सत्ता बचाए रखने के लिए अपने ही देश में लड़ना पड़ रहा है। अमेरिका और इजरायल को इसके पहले कभी भी इतना बड़ा नुकसान नहीं उठाना पड़ा जो ईरान के इस युद्ध में उठाना पड़ रहा है। इजरायल ने खबरों पर पूरी तरह से सेंसरशिप लगा दी है। इजरायल में ईरानी हमलों से जो नुकसान हुआ है उसके बारे में कोई भी खबर बाहर निकल कर नहीं आ रही है। खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य अड्डों को ईरान ने पूरी तरह से तबाह कर दिया है। मीडिया में अमेरिका और इजरायल का प्रभाव होने के कारण युद्ध की सही खबरें लोगों तक नहीं पहुंच पा रही हैं, लेकिन जिस तरह से समाचार प्राप्त हो रहे हैं उसमें समझा जा सकता है, कि अमेरिका और इजरायल को इस युद्ध में आर्थिक और सामरिक रूप से भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

रूस और चीन की मदद ईरान को मिल रही है। कई मामलों में जो मिसाइल, ड्रोन और हथियार ईरान द्वारा उपयोग में लाए जा रहे हैं उन्होंने इजरायल की तकनीकी को भी मात देने का काम किया है। इजरायल भी अपनी सुरक्षा नहीं कर पा रहा है। आयरन डोम और अन्य जो रक्षा उपकरण को लेकर इजरायल दावा करता रहा है वह इस युद्ध में तार-तार हो गए हैं। अमेरिका और इजरायल जिस तरह की दादागिरी सारी दुनिया के देशों के साथ कर रहे थे उसके बाद अप्रत्यक्ष रूप से दुनिया के अधिकांश देश ईरान के पक्ष मे आकर खड़े हो रहे हैं। पिछले एक साल में ट्रंप ने टैरिफ और दादागिरी के रूप में जो कुछ पूरे दुनिया के देशों में बोया था, अब उसकी फसल तैयार है।

सैयद जकी हैदर | सम्पदक/प्रकाशक
MOBE NO.9911371802
EMAIL. SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपति के पद का सम्मान करना चाहिए: मायावती

**एजेंसी, लखनऊ** । बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के पश्चिम बंगाल दौरे के बीच विवाद को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है।



बसपा प्रमुख ने रविवार को एक्स पर अपनी एक पोस्ट में लिखा कि भारतीय संविधान के आदर्श व मान-मर्यादा के मुताबिक सभी को राष्ट्रपति पद का सम्मान करना चाहिए। इनके प्रोटोकाल का भी ध्यान रखना जरूरी है और इस पद का किसी भी रूप में राजनीतिकरण करना ठीक नहीं है। वर्तमान में देश की राष्ट्रपति एक महिला होने के साथ-साथ वे आदिवासी समाज से भी हैं, लेकिन अभी हाल ही में पश्चिम बंगाल में उनके दौरे के लेकर जो कुछ भी हुआ, वह नहीं होना चाहिये था। यह अति-दुर्भाग्यपूर्ण। उन्होंने आगे लिखा है कि इसी प्रकार पिछले कुछ समय से संसद में भी खासकर लोकसभा अध्यक्ष के पद का भी जो राजनीतिकरण कर दिया गया है, यह भी उचित नहीं है। सभी को संवैधानिक पदों का दलगत राजनीति से ऊपर उठकर आदर-सम्मान व उनकी गरिमा का भी ध्यान रखना चाहिये तो यह बेहतर होगा। उन्होंने लिखा, 'संसद का कल से शुरू हो रहा सत्र देश व जनहित में पूरी तरह से सही से चले, यही लोगों की अपेक्षा व समय की भी मांग है।

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने ऑल वूमेन बाइक रैली को झंडी दिखाई



**एजेंसी, नई दिल्ली** । लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कनॉट प्लेस में ऑल वूमेन बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अध्यक्ष ओम बिरला ने एक्स पर कहा कि इस आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर साहस, आत्मविश्वास और महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भारत की महिलाओं ने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर राष्ट्र के नव-निर्माण तक हर क्षेत्र में प्रेरक और सशक्त नेतृत्व प्रदान किया है। आज देश की महिलाएं पंचायत से लेकर संसद तक निर्णायक भूमिका निभाते हुए विकसित भारत के संकल्प को नई दिशा दे रही हैं। उन्होंने सभी देशवासियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाए दी। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि ऑल वूमेन बाइक रैली में विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कर रही सैकड़ों महिलाओं ने एक साथ सड़कों पर उतरकर यह सशक्त संदेश दिया कि नारी शक्ति ही विकसित भारत की असली प्रेरक शक्ति है। उन्होंने कहा कि यह उत्साह और आत्मविश्वास उस बदलते भारत की झलक है, जहां महिलाएं हर क्षेत्र में नेतृत्व कर रही हैं और नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। इस मौके पर सांसद बांसुरी स्वराज, कमलजीत सहरावत, प्रियंका चतुर्वेदी, स्वाति मालीवाल एवं नई दिल्ली नगर पालिका परिषद् के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल मौजूद रहे।

## महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम, प्रधानमंत्री मोदी ने महिला आवंटियों को सौंपी जीपीआरए आवास की चाबी



एजेंसी, नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को सरोजिनी नगर स्थित जनरल पूल रेजिडेंशियल अकॉमोडेशन (जीपीआरए) टाइप-5 क्वार्टर्स का दौरा किया और महिला आवंटियों को आवास की चाबियां सौंपकर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने महिला आवंटियों और निर्माण कार्य में लगी श्रमजीवी बहनों से संवाद किया तथा उनके अनुभव और सुझाव भी सुने। उन्होंने महिलाओं के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण और सम्मान के लिए लगातार प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री ने आवासीय परिसर का निरीक्षण भी किया और वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। इस मौके पर केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल भी मौजूद रहे।

## नारी शक्ति का सामर्थ्य ही विकसित भारत की शक्तिः अन्नपूर्णा देवी

एजेंसी, नई दिल्ली



केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि नारी शक्ति का सामर्थ्य ही विकसित भारत की शक्ति है। आज भारत 'महिला विकास' से आगे बढ़कर 'महिला नेतृत्व वाले विकास' के युग में प्रवेश कर चुका है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के जेंडर बजट में किया गया 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक का ऐतिहासिक आवंटन इसी लक्ष्य को समर्पित है। सरकार 'होल ऑफ गर्वनमेंट' के विजन के साथ-शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षा जैसे बुनियादी क्षेत्रों में सुधार करके महिलाओं के जीवन को सशक्त बना रही है।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर रविवार को नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि आज भारत की आधी आबादी के संकल्प, समर्पण और उपलब्धियों का उत्सव है, जो 'विकसित भारत' की आधारशिला हैं। महिलाओं के समग्र विकास के लिए पूरे जीवन के एप्रोच को अपनाया है। इस यात्रा की शुरुआत बेटी के जन्म और उसकी शिक्षा से होती है। प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए, 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान ने समाज की मानसिकता को बदला है। बेटियों के जन्म को अब उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विज्ञान, तकनीक और गणित विषयों में बेटियों की 43 प्रतिशत भागीदारी के साथ भारत पूरी दुनिया में सबसे आगे है। मंगल मिशन की सफलता में, हमारी महिला वैज्ञानिकों की उल्लेखनीय भूमिका रही है। इस बार के बजट में, देशभर के सभी जिलों में महिला हॉस्टल की स्थापना से, हमारी बेटियों के लिए नई राहें खुलने जा रही हैं। सरकार द्वारा पोषण अभियान और 'पीएम मातृ वंदना योजना' के अंतर्गत, सुरक्षित मातृत्व से स्वस्थ शिशु जन्म और उसकी देखभाल को सुनिश्चित किया गया है। इसके सुखद परिणाम भी आज देश के सामने हैं। मातृ मृत्यु दर घटकर 97 तक पहुँच गई है। एक स्वस्थ नारी ही एक समर्थ और विकसित राष्ट्र की निर्माता होती है। हम महिलाओं को गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। इसके लिए, हाल ही में, प्रधानमन्त्री द्वारा सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए 'एचपीवी-टीकाकरण' अभियान भी शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि संगठित और असंगठित क्षेत्र में महिला सुरक्षा के लिए शी बॉक्स पोर्टल की शुरुआत की गई है। ताकि हमारी बहनें पूरे सम्मान और आत्मविश्वास के साथ कार्यबल में भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। नारी की गरिमा के विरुद्ध अपराध के लिए 'जीरो टोलरेंस पॉलिसी' को अपनाया गया है। पिछले छह वर्षों में कार्यबल में महिलाओं की सहभागिता 22.3 प्रतिशत से बढ़कर 41.7 प्रतिशत हो गया है।

## तृणमूल कांग्रेस का व्यवहार राष्ट्रपति की गरिमा और पूरे आदिवासी समाज का अपमान : तरुण चुग

**एजेंसी, नई दिल्ली** । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने कहा कि राष्ट्रपति पद देश की सर्वोच्च संवैधानिक संस्था है और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तथा उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस द्वारा इस पद की गरिमा को ठेस पहुंचाना बेहद शर्मनाक और निंदनीय है। तरुण चुग ने रविवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि यह केवल संवैधानिक पद का अपमान नहीं बल्कि पूरे देश के आदिवासी समाज की गरिमा पर सीधा आघात है। चुग ने कहा कि ममता बनर्जी की सरकार घबराहट और राजनीतिक हताशा में लगातार लोकतांत्रिक संस्थाओं को निशाना बना रही है। राष्ट्रपति का पद राजनीति से ऊपर और देश का सबसे बड़ा संवैधानिक व गरिमापूर्ण पद है। यह केवल संवैधानिक पद का ही नहीं बल्कि देश के आदिवासी समाज और बेटियों का भी अपमान है। उन्होंने कहा कि पहले मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ कैंपेन चलाया गया, कभी प्रभु श्रीराम का विरोध किया कभी सनातन का विरोध, भारतीय सेना के शौर्य का अपमान और अब राष्ट्रपति पद की गरिमा से जुड़ी यह घटना स्पष्ट करती है कि ममता बनर्जी संवैधानिक मर्यादाओं का सम्मान करना भूल चुकी हैं।

## मप्र के कटनी में मालगाड़ी के बेपटरी, 24 घंटे बाद भी बहाल नहीं हो पाया रेल यातायात

एजेंसी, कटनी



बिलासपुर रेल खंड पर मध्य प्रदेश के कटनी रेलवे स्टेशन के पास कोयले से भरी मालगाड़ी के पांच डिब्बे पटरी से उतरने के बाद से ट्रैक को सुधारने का कार्य जारी है। पिछले 24 घंटे बीतने के बावजूद अभी तक रेल यातायात बहाल नहीं हो सका है। दरअसल, बिलासपुर से कटनी की ओर आ रही मालगाड़ी शनिवार सुबह करीब 11 बजे कटनी रेलवे स्टेशन के पास गायत्री नगर आउटर पर बेपटरी हो गई थी। अचानक मालगाड़ी के पांच डिब्बे पटरी से उतरकर एक तरफ झुक गए और उनमें लदा कोयला ट्रैक पर बिखर गया था। इससे रेल मार्ग पर परिचालन बाधित हो गया। हालांकि, इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन सक्रिय हो गया। डीआरएम सहित रेलवे के वरिष्ठ इंजीनियरों की टीम, जीआरपी और आरपीएफ का बल पहुंचा और प्रारंभिक जांच के बाद एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन (एआरटी) को बुलाकर ट्रैक बहाली का कार्य तुरंत शुरू किया गया।

## नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार जेडीयू में हुए शामिल, संजय झा ने दिलाई पार्टी की सदस्यता


एजेंसी, पटना



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार ने रविवार को औपचारिक रूप से जनता दल (यूनाइटेड)(जदयू) की सदस्यता ग्रहण कर ली। पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने उन्हें सदस्यता दिलाई। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह) और जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। हालांकि, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। जदयू में शामिल होने के बाद निशांत कुमार ने कहा, "मैं सभी का धन्यवाद करता हूं। आप सभी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उस पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा। बिहार और देश के लिए मेरे पिता ने पिछले 20 वर्षों में जो काम किया है, उस पर मुझे गर्व है।" इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के राज्यसभा उम्मीदवार राम नाथ ठाकुर ने कहा कि निशांत कुमार का पार्टी में आना स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि जदयू के कार्यकर्ताओं और आम लोगों की इच्छा थी कि निशांत कुमार पार्टी में आएं और जनता की समस्याएं सुनें। वहीं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और जदयू विधायक रत्नेश सदा ने कहा कि निशांत कुमार बिहार का भविष्य हैं और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अधूरे कार्यों को पूरा करने की दिशा में काम करेंगे। गौरतलब है कि नीतीश कुमार लंबे समय से अपने परिवार को राजनीति से दूर रखते आए हैं। ऐसे में उनके बेटे के राजनीति में प्रवेश को लेकर परिवारवाद के आरोप भी लग सकते हैं।

## कूनो राष्ट्रीय उद्यान के दो चीते राजस्थान पहुंचे, एनटीसीए ने कहा- चीतों की चौबीसों घंटे निगरानी

एजेंसी, नई दिल्ली



राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) ने मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) के चीते केपी-2 और केपी-3 के राजस्थान के बारां जिले में पहुंचने संबंधी मीडिया रिपोर्टों का संज्ञान लिया है। तथ्यात्मक स्थिति साफ करते हुए एनटीसीए के अधिकारी ने रविवार को बताया कि केपी-2 को बारां के मांगरोल रेंज में ट्रैक किया गया है, जबकि केपी -3 कूनो राष्ट्रीय उद्यान से लगभग 60–70 किमी की दूरी तय कर बांझ अमली संरक्षण रिज़र्व में पहुंचा है। दोनों चीते पार्वती नदी के दोनों किनारों पर लगभग 6 किमी की दूरी पर हैं। एनटीसीए के अधिकारी ने बताया कि जीपीएस और रेडियो-कॉलर के माध्यम से दोनों चीतों की चौबीस घंटे निगरानी की जा रही है। इसके लिए अंतर-राज्यीय संयुक्त टीम तैनात है, जिसमें किशनगंज और अंता रेंज से फील्ड टीमें सक्रिय हैं। अधिकारी ने बताया कि परिदृश्य सीमाओं के पार लंबी दूरी तक जाना चीतों का स्वाभाविक क्षेत्रीय व्यवहार है और यह वैज्ञानिक रूप से अच्छी तरह दर्ज है। प्रोजेक्ट चीता कार्ययोजना में कूनो–गांधी सागर मेटापॉपुलेशन परिदृश्य के भीतर अंतर-राज्यीय आवाजाही की संभावना पहले से ही शामिल और अपेक्षित है। यह गतिविधि प्रस्तावित 17,000 वर्ग किमी के कूनो–गांधी सागर अंतर-राज्यीय वन्यजीव कॉरिडोर के महत्व को और मजबूत करती है, जो राजस्थान के सात और मध्य प्रदेश के आठ जिलों में फैला हुआ है। एनटीसीए दोनों राज्यों के वन विभागों के साथ सक्रिय समन्वय में है और आवश्यकता पड़ने पर आगे भी अद्यतन जानकारी जारी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से आए चीतों की संतानें जो भारत की धरती पर जन्मी हैं, उन्हें राजस्थान की धरती अपनी टेरिटरी के लिए पसंद आ रही है।

## महाकाल की गेर में शामिल हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव, शस्त्र पूजन कर शस्त्र संचालन का किया गया प्रदर्शन

**एजेंसी, उज्जैन** । मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर से निकलने वाली पारंपरिक रंग पंचमी की गेर में भाग लेकर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत किया। उन्होंने ध्वजा पूजन के साथ अखाड़ों के शस्त्रों का विधि-विधान से पूजन किया। इस अवसर पर शस्त्र संचालन का प्रदर्शन भी किया। रविवार को रंग पंचमी के इस पारंपरिक आयोजन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पूरे उत्साह के साथ शामिल हुए और बाबा महाकाल के दर्शन-पूजन कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की। उन्होंने जनता के बीच पहुंचकर रंगों के इस पर्व का आनंद लिया। इस दौरान लोगों ने मुख्यमंत्री को गुलाल लगाकर उनका स्वागत किया, वहीं मुख्यमंत्री ने भी लोगों के साथ रंग खेलते हुए उन्हें पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि रंगों का यह पावन पर्व सभी के जीवन में खुशियां, उत्साह और उल्लास लेकर आए। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से प्रार्थना की कि प्रदेश के सभी नागरिकों के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली बनी रहे।

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen .
( 9315755133 / ya email Karen)
angenpharmaceuticals@gmail.com

खास खबर

## इंदौर में परिचालन अनुसंधान पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, 60 से अधिक शोध-पत्र और विशेषज्ञ व्याख्यान प्रस्तुत



**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के इंदौर में शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय 6 से 8 मार्च तक वित्त, रक्षा और उद्योग में परिचालन अनुसंधान के अनुप्रयोगों पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएओआरएफडीआई-2026) तथा भारतीय परिचालन अनुसंधान सोसायटी (ओआरएसआई) का 58वां वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया। तीन दिवसीय इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में देश-विदेश के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और विशेषज्ञों ने भाग लिया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि प्रो. आईवी मुरलीकृष्णा ने वित्त, रक्षा और उद्योग के क्षेत्रों में परिचालन अनुसंधान के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आधुनिक समस्याओं के समाधान में यह विषय अहम भूमिका निभा रहा है। सम्मेलन के दौरान विभिन्न तकनीकी सत्रों में 60 से अधिक शोध-पत्र प्रस्तुत किए गए। भारत और विदेशों से आए प्रसिद्ध वक्ताओं ने विशेषज्ञ व्याख्यान दिए। इस अवसर पर अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के निदेशक डॉ. सुनील लूथरा ने प्रो पीआरएस रेड्डी एंडोमेंट व्याख्यान प्रस्तुत किया, जिसे प्रतिभागियों ने अत्यंत ज्ञानवर्धक बताया। इसके अलावा एनजेन ग्लोबल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज कपूर ने उद्योग क्षेत्र में परिचालन अनुसंधान के व्यावहारिक उपयोगों पर अपने विचार साझा किए। सम्मेलन के सफल आयोजन में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोअनामिका जैन का मार्गदर्शन और सहयोग रहा। प्रशासनिक अधिकारी नागेश डागांवकर तथा ओआरएसआई के सदस्यों ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। आयोजन का नेतृत्व सम्मेलन अध्यक्ष डॉचित्तरंजन शर्मा (होलकर विज्ञान महाविद्यालय, इंदौर) और डॉदीपमाला (आईआईआईटी जबलपुर) ने किया।

## महिला दिवसः झुग्गी बस्तियों में चलाया स्वच्छता जागरूकता अभियान



**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर फाउंडेशन ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में विशेष जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत झुग्गी-झोपड़ियों, ट्रैफिक सिग्नल और निर्माण स्थलों पर रहने वाली महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता और सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चियों को सेनेटरी पैड वितरित किए गए और उन्हें बताया गया कि जरूरत पड़ने पर वह फाउंडेशन से मुफ्त में सेनेटरी पैड और आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकती हैं। इस अभियान में "आपकी अपनी पहचान भारतीय शक्ति संगठन" और ऑरा आरिनी फाउंडेशन ने सहयोगी भागीदार के रूप में योगदान दिया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं सोनिका सिंह, प्रियंका चौहान, खुशबू झा, याशिका मित्तल और रेखा गुप्ता ने भी भाग लिया। उन्हें पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया। फाउंडेशन का उद्देश्य समाज के वंचित वर्ग की महिलाओं और बेटियों को स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाना है। महिला दिवस पर आयोजित यह अभियान न केवल जागरूकता फैलाने में सफल रहा, बल्कि जरूरतमंद महिलाओं तक आवश्यक संसाधन पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। इस दौरान फाउंडेशन टीम के सदस्य प्रखर वार्ष्णेय, ब्रह्मानंद झा, दुर्गा प्रसाद, प्रशांत यादव, विकास थापा, राहुल प्रकाश और अन्य सहयोगियों ने सक्रिय योगदान दिया।

## गौतम अडाणी ने कहा-मेरे जीवन को संवारने में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी ने रविवार को उन महिलाओं के प्रति अपना आभार व्यक्त किया, जिन्होंने उनके जीवन और सफर को संवारा है। उन्होंने कहा कि उनकी सफलता की नींव उन मूल्यों और समर्थन पर टिकी है, जो उन्हें अपने परिवार से मिला। गौतम अडाणी ने लिंक्डइन पर लिखे एक लेख में अपनी मां शांताबेन अडाणी को याद करते हुए लिखा कि कैसे बचपन में उन्होंने रामायण जैसे महाकाव्यों की कहानियां सुनाकर उनमें साहस, त्याग और कर्तव्य के मूल्यों को स्थापित किया। उन्होंने कहा कि उन सीखों की गहराई उन्हें तब समझ में आई, जब 16 साल की उम्र में उन्होंने अपना करियर बनाने के लिए मुंबई जाने के लिए घर छोड़ा था। अडाणी ने उस मानसिक शक्ति को याद किया, जो उनकी मां ने उन्हें एक अनिश्चित भविष्य की ओर कदम बढ़ाने की अनुमति देते समय दिखाई होगी। इसके साथ ही अडाणी ने अपनी पत्नी प्रीति अडाणी की भूमिका की भी सराहना की, जिन्होंने दंत चिकित्सा के करियर को छोड़कर 'अडाणी फाउंडेशन' का नेतृत्व संभाला। उन्होंने बताया कि 'अडानी फाउंडेशन' आज देश के 22 राज्यों में शिक्षा, आजीविका और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में सक्रिय है और अब तक एक करोड़ से अधिक लोगों के जीवन में वो सकारात्मक बदलाव ला चुका है। अडाणी ने अपनी बहुओं, करण अडाणी की पत्नी परिधि अडाणी और जीत अदाणी की पत्नी दीवा अडाणी की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे परिवार में 'नया दृष्टिकोण और नई ऊर्जा' लेकर आई हैं। साथ ही उन्होंने अपनी पोतियों से मिलने वाली खुशी का भी उल्लेख किया। गौतम अडाणी ने अपनी व्यावसायिक यात्रा को याद करते हुए कहा कि भले ही उद्यमी बड़ी कंपनियों और संपत्तियों के निर्माण में दशकों लगा देते हैं, लेकिन इसका अंतिम उद्देश्य तो अगली पीढ़ी के लिए एक बेहतर भविष्य बनाना होता है। उन्होंने आगे कहा, 'मैं हमेशा दो दुनिया... काम और परिवार के बीच रहा हूं। मैंने अपनी पहली दुनिया में जो कुछ भी बनाया है, वह मुझे दूसरी दुनिया से मिलने वाली ताकत के कारण ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि जीवन की सबसे मजबूत नींव कंक्रीट या स्टील से नहीं, बल्कि उन लोगों से बनती है जो हमें एक व्यक्तित्व प्रदान करते हैं।

# प्रधानमंत्री ने दिल्ली को तेज, सुरक्षित और सुगम यात्रा की दी बड़ी सौगात : रेखा गुप्ता

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिल्ली को आधुनिक सार्वजनिक परिवहन की बड़ी सौगात मिली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर का उद्घाटन किया और फेज-V(ए) के तीन नए कॉरिडोर का शिलान्यास किया। लगभग 18 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली इन परियोजनाओं से राजधानी में कनेक्टिविटी मजबूत होगी और लाखों लोगों की यात्रा अधिक तेज, सुरक्षित और सुगम बनेगी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रधानमंत्री द्वारा दिल्ली की जनता, विशेषकर महिलाओं को यह महत्वपूर्ण सौगात देना अत्यंत महत्वपूर्ण है। आधुनिक सार्वजनिक परिवहन का लाभ दिल्ली के हर नागरिक को मिलेगा लेकिन महिलाओं के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा का यह माध्यम विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा जिन दो कॉरिडोर का उद्घाटन किया गया है, उनमें मजलिस पार्क से मौजपुर-बाबरपुर (लगभग 12 किमी) और मजलिस पार्क से दीपाली चौक (लगभग 9 किमी) शामिल हैं। इन कॉरिडोरों के शुरू होने से दिल्ली के लाखों लोगों का आवागमन आसान होगा। विशेष रूप से वजीराबाद, खजूरी खास, भजनपुरा, यमुना विहार और करावल नगर जैसे यमुना पार के क्षेत्रों में पहली बार मेट्रो सुविधा पहुंचेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जिन तीन नए मेट्रो कॉरिडोर का शिलान्यास किया गया है, वे भी दिल्ली की कनेक्टिविटी और विकास को नई गति देंगे। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के ट्रायल संचालन शुरू किए जाने को भी दिल्ली के लिए बड़ी सौगात बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन से दिल्ली सरकार ने अपना एक वर्ष पूरा किया है और इस दौरान सरकार ने जनता की सेवा का प्रयास किया है। आयुष्मान योजना, यमुना की सफाई और कूड़े के पहाड़ों का समाधान दिल्ली सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल रहे हैं और इन विषयों पर मिशन मोड में काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री के 'सबका साथ, सबका विकास' के मूल मंत्र से प्रेरित होकर दिल्ली में 70 अटल कैंटीन शुरू की गई हैं, जहां गरीबों, आश्रितों और मजदूरों को बेहद कम कीमत पर भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। इन कैंटीनों में प्रतिदिन लगभग 70 हजार लोग भोजन प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण और जलभराव की समस्या से निपटने के लिए भी केंद्र सरकार के सहयोग से ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। लगभग 50 वर्ष बाद दिल्ली के लिए नया ड्रेनेज मास्टर प्लान तैयार किया गया है, जिससे जलभराव और प्रदूषण की समस्या के समाधान में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के 'मेरी पूंजी, मेरा अधिकार' के विचार से प्रेरित होकर दिल्ली सरकार ने लाड़ली योजना के तहत लंबे समय से लंबित 70 हजार बेटियों को लगभग 200 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया है, जो पूर्व में खातों में पड़ी अनक्लेम्ड राशि थी और लाभार्थियों तक नहीं पहुंच पाई थी। प्रधानमंत्री द्वारा तकनीक और पारदर्शिता पर दिए गए जोर का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने अपने सभी विभागों में डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा दिया है। इसके तहत ई-फाइल सिस्टम, अस्पतालों में डिजिटल रिकॉर्ड, ऑनलाइन ओपीडी बुकिंग, डिजिटल एसेट मैनेजमेंट, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट पोर्टल और सीएम जन सुनवाई ऐप शुरू किए गए हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षा क्षेत्र में भी व्यापक डिजिटल पहल की गई है। दिल्ली के सरकारी स्कूलों में 7000 स्मार्ट क्लास, 275 कंप्यूटर लैब और 100 डिजिटल लाइब्रेरी शुरू की गई हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का उल्लेख कर मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं। 12 करोड़ शौचालयों के निर्माण, 10 करोड़ उज्ज्वला गैस कनेक्शन, जन-धन खातों और मुद्रा योजना के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण और महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण जैसी पहलें महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा 14-15 वर्ष की बेटियों के लिए सर्वाइकल कैंसर के मुफ्त टीकाकरण की पहल भी महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। केंद्र सरकार द्वारा इस वर्ष के बजट में देश के हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल बनाने की योजना शुरू करने से बेटियों के लिए अन्य शहरों में जाकर पढ़ाई करना और आसान हो जाएगा।

## एनएफआईडब्ल्यू सहित विभिन्न संगठनों ने बढ़ते महिला अपराध, पितृसत्तात्मक व्यवस्था और बाल तस्करी जैसे मुद्दों पर जताई चिंता

लोकतंत्र की शान, सुनील नेगी




**नई दिल्ली :** आज 8 मार्च है, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, जिसे विश्वभर में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। यह दिन दुनिया भर की महिलाओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने और उनके अथक परिश्रम, निरंतर संघर्ष, समर्पण, प्रतिबद्धता, दृढ़ता तथा जीवन के सभी क्षेत्रों में किए गए योगदान और बलिदान को मान्यता देने के लिए मनाया जाता है।चाहे वह रक्षा बलों में हों, लड़ाकू के रूप में, खिलाड़ी, अंतरिक्ष यात्री, वकील, न्यायाधीश, सामाजिक कार्यकर्ता, राजनीतिज्ञ, कलाकार, अभिनेत्री, लेखिका या साहसी पत्रकार—इन सभी क्षेत्रों में महिलाओं ने पुरुषों के बराबर और कई बार उनसे भी आगे बढ़कर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सैकड़ों महिलाओं के उदाहरण मौजूद हैं। हालांकि 21वीं सदी में भी अनेक महिलाएं ऐसी हैं जो दमन, उत्पीड़न और यातनाओं का शिकार हैं तथा प्रचलित पितृसत्तात्मक व्यवस्था से बाहर निकलकर अपने अधिकारों और बेहतर भविष्य के लिए संघर्ष कर रही हैं। जहां एक ओर सत्ताधारी राजनीतिक दल और उनके विभिन्न संगठन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को बड़े आयोजनों और भारी खर्च के साथ मनाते हैं, वहीं भारत सहित कई विकासशील देशों में आज भी बड़ी संख्या में महिलाएं बुनियादी अधिकारों और सम्मान के लिए संघर्ष कर रही हैं। भारत ने जीवन के कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है और महाशक्तियों के साथ प्रतिस्पर्धा भी की है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं—जो वास्तविक भारत की प्रतिनिधि हैं—अब भी दमन, उत्पीड़न और गरीबी का सामना कर रही हैं और पारंपरिक बंधनों से मुक्त होकर उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ने के लिए संघर्ष कर रही हैं।

## शंघाई में 'वसंत बैठक' सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित, भारतीय महा वाणिज्य दूत बोले-संगीत और नृत्य सांस्कृतिक पुल

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्ली।** भारत के महावाणिज्य दूत प्रतीक माथुर ने चीन की आर्थिक राजधानी शंघाई में भारतीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि संगीत और नृत्य, भाषा और भौगोलिक सीमाओं से परे जाकर लोगों को जोड़ते हैं और ऐसे आयोजन सांस्कृतिक पुल का काम करते हैं। ऐसे कार्यक्रम भारत और अंतरराष्ट्रीय मित्रों के बीच सांस्कृतिक समझ और मित्रता को और मजबूत करेंगे। शंघाई में 4 मार्च को भारत के कॉन्सुलेट जनरल ने अपने सांस्कृतिक केंद्र में वसंत बैठक का आयोजन किया। भारतीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य की जीवंत परंपराओं पर आधारित इस कार्यक्रम में 1,000 से अधिक लोग शामिल हुए, जिनमें डिप्लोमैटिक कॉर्प्स के सदस्य, विशेष अतिथि, भारतीय समुदाय और चीन सहित दुनिया भर से भारत के मित्र मौजूद थे। इस आयोजन ने सांस्कृतिक आदान-प्रदान और मेलजोल को बढ़ावा दिया। कार्यक्रम में चीनी समुदाय की बड़ी संख्या में भागीदारी रही। यह शंघाई में भारतीय कॉन्सुलेट का अब तक का सबसे बड़ा सांस्कृतिक आयोजन रहा। महावाणिज्य दूत प्रतीक माथुर ने कहा कि वसंत नई शुरुआत, रंग और खुशी का मौसम है और भारत में यह समय त्योहारों, संगीत, नृत्य और सामुदायिक आयोजनों से मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम उसी भावना को दर्शाता है। यह कलाकारों और दर्शकों को करीब लाता है और भारतीय शास्त्रीय परंपरा की गहराई को समझने का अवसर देता है। उन्होंने कुचिपुड़ी नृत्य और भारतीय वाद्य संगीत की प्रस्तुतियों को जीवंत परंपरा बताते हुए कहा कि यह सदियों के दर्शन, सौंदर्यशास्त्र और आध्यात्मिक विचारधारा को संजोए हुए हैं। माथुर ने चैती आर्ट्स फाउंडेशन और प्रतिभाशाली कलाकारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन स्थानीय समाज की कल्पना को आकर्षित करने और जन-जन के बीच संबंधों को मजबूत करने में सफल रहा। कलाकारों ने पारंपरिक बैठक शैली में आयोजित इस कार्यक्रम में कुचिपुड़ी नृत्य की अभिव्यक्तिपूर्ण प्रस्तुतियां दीं। इसके बाद सारंगी और सितार वादन सहित भारतीय शास्त्रीय वाद्य संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। इन कला रूपों ने भारतीय दर्शन, सौंदर्यशास्त्र और आध्यात्मिक विचारधारा की गहराई को दर्शकों तक पहुंचाया।

## क्राइम ब्रांच ने नकली प्रोटीन सप्लीमेंट बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया, दो आरोपी गिरफ्तार

लोकतंत्र की शान

**दिल्ली पुलिसः** क्राइम ब्रांच, आर.के. पुरम की एक समर्पित टीम, जिसका नेतृत्व इंस्पेक्टर रामपाल कर रहे थे, जिसमें एसआई अमित, परमोड, मुकेश सिंह, एएसआई रामदास, अंकित, ओमबीर, संजय, अमित, एचसी धर्मेंद्र, यशपाल, गौरव और कांस्टेबल तेजपाल शामिल थे, ने एसीपी/एनडीआर उमेश बर्थवाल के पर्यवेक्षण तथा डीसीपी/क्राइम-IV श्री पंकज कुमार के समग्र पर्यवेक्षण में दिल्ली और एनसीआर में सक्रिय नकली प्रोटीन सप्लीमेंट सिंडिकेट का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ किया। इस कार्रवाई में दो आरोपियों (1) मोहित तिवारी और (2) मोहित दीक्षित, दोनों निवासी दिल्ली, को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना क्राइम ब्रांच, नई दिल्ली में एफआईआर संख्या 41/26 दिनांक 07.03.2026 के तहत धारा 318(4), 336(3), 336(4), 349, 61(2), 3(5) बीएनएस तथा कॉपीराइट एक्ट-1957 की धारा 63/65 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

**सूचना एवं कार्रवाई**-गुप्त सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच की एनडीआर टीम ने दिनांक 06.03.2026 को दिल्ली के ब्रह्मपुरी क्षेत्र में कार्रवाई की। इस दौरान दो व्यक्तियों मोहित तिवारी और मोहित दीक्षित, निवासी ब्रह्मपुरी, दिल्ली, को पकड़ा गया, जो प्रतिष्ठित ब्रांडों के नकली प्रोटीन सप्लीमेंट बनाने और सप्लाई करने में संलिप्त थे। ऐसे नकली सप्लीमेंट के सेवन से उपयोगकर्ताओं को गंभीर अंग संबंधी बीमारियां हो सकती हैं। दोनों आरोपियों को 07.03.2026 को ब्रह्मपुरी, दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान उन्होंने नकली प्रोटीन सप्लीमेंट बनाने में अपनी संलिप्तता स्वीकार की और क्राइम ब्रांच की टीम को ब्रह्मपुरी स्थित अपने अवैध निर्माण इकाइयों तक ले गए। इन अवैध यूनिटों से बड़ी मात्रा में नकली प्रोटीन सप्लीमेंट, पैकेजिंग सामग्री तथा कच्चा माल बरामद किया गया। आरोपी Optimum Nutrition, Syntha-6 और Isopure जैसे प्रसिद्ध ब्रांडों के नाम से नकली सप्लीमेंट तैयार कर पैक कर रहे थे। पूछताछ के दौरान दोनों ने इस पूरे सिंडिकेट में अपनी भूमिका का



खुलासा किया।

**बरामदगी**-ON Optimum Nutrition Gold Standard 100% Whey (2.27 किग्रा) के 24 बॉक्स (12 वैनिला आइसक्रीम फ्लेवर और 12 कुकीज़ एंड क्रीम फ्लेवर)।

SYNTHA-6 Ultra Premium Protein Matrix (2.5 किग्रा) के 3 बॉक्स।

ISOPURE Zero Carb Protein Creamy Vanilla (1.36 किग्रा) के 7 बॉक्स।

फ्लेवरिंग एजेंट व सप्लीमेंट – Orange Powder EC, Vanilla Powder EC, Cream-N-Cookies Powder, Kesar Kulfi Flavour, Mix Fruit Powder, Kesar Pista Flavour, Gold EAAMINO सप्लीमेंट के 2 कंटेनर और XTEND Muscle Recovery सप्लीमेंट का 1 कंटेनर। माल्टो पाउडर से भरे दो प्लास्टिक बोरे, जिनका वजन लगभग 28 किग्रा और 14.200 किग्रा है।

**Optimum Nutrition/Glanbia ब्रांड की पैकेजिंग सामग्री -**

16 Serious Mass पाउच

22 Gold Standard Gainer पाउच

36 Gold Standard 100% Whey पाउच

16 ON सील

21 ON ब्रांड स्टिकर

75 ON बॉक्स लिड

नकली ON ब्रांड स्टिकर (23), होलोग्राम स्टिकर (80), Glanbia ब्रांड स्टिकर (68) तथा पॉलीथिन कैप सील (39)। नकली Syntha-6 प्रोटीन का एक जार जिसमें पाउडर भरा हुआ था।

**निर्माण में प्रयुक्त कच्चा माल** – कोको पाउडर (9.16 किग्रा)

व्हे प्रोटीन पाउडर (13.28 किग्रा)

फैट पाउडर (10.24 किग्रा)

माल्टो पाउडर (11 किग्रा)

पांच फ्लेवरिंग जार – Milk Chocolate, Mango Special, Orange Excellent, Cream-N-Cookies और Filter Coffee। नकली सप्लीमेंट तैयार करने के लिए दो मिक्सिंग मशीनें और दो वज़न मशीनें। नकली सप्लीमेंट पैक करने के लिए बड़ी मात्रा में खाली प्लास्टिक जार (लाल, काले और सफेद रंग)।आरोपियों से दो मोबाइल फोन भी बरामद किए गए। कुल मिलाकर लगभग 100 किलोग्राम प्रोटीन और 55 किलोग्राम कच्चा माल बरामद किया गया है। मामले में सह-आरोपी अनिल बिस्वा तथा अन्य साथियों की तलाश जारी है, साथ ही कच्चे माल के स्रोत और वितरण नेटवर्क की भी जांच की जा रही है।

## संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण कल से, पहले ही दिन लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ पेश होगा अविश्वास प्रस्ताव

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार 9 मार्च से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा। बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत के साथ कल ही लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव (नोटिस) पेश किया जाएगा। इस प्रस्ताव को सदन में विपक्षी सांसद मोहम्मद जावेद, के. सुरेश और डॉ. मल्लू रवि पेश करेंगे। इस बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 9 और 10 मार्च के लिए व्हिप जारी किया है। वहीं, कांग्रेस ने सभी सांसदों को 9-11 मार्च तक सदन में उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया है। पिछले महीने बजट सत्र के पहले चरण के दौरान विपक्ष ने लोकसभा के महासचिव को अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया था, जिसमें लोकसभा अध्यक्ष पर पक्षपातपूर्ण तरीके से कार्य करने का आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने की मांग की गई थी। इस प्रस्ताव पर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, डीएमके, वामपंथी दलों और अन्य दलों के सदस्यों सहित 118 सांसदों ने हस्ताक्षर किए थे। चर्चा के दौरान ओम बिरला अध्यक्षीय आसन पर नहीं बल्कि सदन में सत्तापक्ष के सदस्यों के साथ मौजूद रहकर अपने ऊपर लगाए गए आरोपों का जवाब दे सकेंगे। सदन की कार्यवाही उपाध्यक्ष या पैनल ऑफ चेयरपर्सन में शामिल सदस्य संचालित करते हैं। फिलहाल लोकसभा में उपाध्यक्ष का पद खाली है, ऐसे में पैनल में शामिल सांसद ही कार्यवाही का संचालन करेंगे। इस बीच तृणमूल कांग्रेस ने भी विपक्ष के प्रस्ताव को समर्थन देने की घोषणा की है। तृणमूल कांग्रेस के 29 सांसद हैं। नियमों के अनुसार स्पीकर को हटाने का प्रस्ताव लोकसभा में साधारण बहुमत से पारित होता है। मौजूदा लोकसभा में एनडीए के पास करीब 290 से अधिक सांसदों का समर्थन है।

## केंद्र सरकार 'सशक्त देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र' पर करेगी वेबिनार, 1.5 लाख केयरगिवर को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य

लोकतंत्र की शान

सत्यमेव जयते
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF SKILL DEVELOPMENT & ENTREPRENEURSHIP

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार वेबिनार श्रृंखला के तहत 'सशक्त देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र : 1.5 लाख बहु-कौशल केयरगिवर का प्रशिक्षण' विषय पर विशेष ब्रेकआउट सत्र आयोजित करेगी। यह वेबिनार 'सबका साथ सबका विकास- लोगों की आकांक्षाओं की पूर्ति' विषय पर होगा। केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय ने बताया की वह इस वेबिनार को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय समन्वित करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 9 मार्च को बजट के बाद वेबिनार 2026-27 को संबोधित करेंगे। केंद्रीय बजट 2026-27 के पैरा 54 में मजबूत केयर पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण पर जोर दिया गया है। इसके तहत वृद्धजन और संबद्ध देखभाल सेवाओं का विस्तार किया जाएगा। साथ ही राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचा के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम विकसित किए जाएंगे। इनमें देखभाल कौशल के साथ वेलनेस, योग तथा चिकित्सा और सहायक उपकरणों के संचालन जैसे कौशल भी शामिल होंगे। आने वाले वर्ष में 1.5 लाख केयरगिवर को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। वेबिनार के दौरान देखभाल क्षेत्र के लिए सक्षम कार्यबल विकसित करने पर चर्चा होगी। इसका उद्देश्य देश में बढ़ती घरेलू जरूरतों को पूरा करने के साथ वैश्विक देखभाल अर्थव्यवस्था में अवसरों का लाभ उठाना भी है। मंत्रालय ने कहा कि देश की कौशल व्यवस्था को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद, सेक्टर स्किल काउंसिल, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान और राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान जैसी संस्थाएं कार्य कर रही हैं। इसके साथ प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रोत्साहन योजना और जन शिक्षण संस्थान जैसी योजनाओं के माध्यम से भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब तक जेरियाट्रिक केयरगिवर, होम हेल्थ एड और जनरल ड्यूटी असिस्टेंट जैसे क्षेत्रों में हजारों युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। यह संगठित देखभाल कार्यबल के निर्माण की आधारशिला है। ब्रेकआउट सत्र में स्वास्थ्य संस्थानों, राज्य सरकारों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों और शिक्षाविदों के विशेषज्ञ भाग लेंगे। इसमें केयरगिवर योग्यता के मानकीकरण, प्रशिक्षकों की क्षमता बढ़ाने, प्रशिक्षण ढांचे के विस्तार और देखभाल क्षेत्र में अप्रेंटिसशिप अवसरों को बढ़ाने जैसे विषयों पर चर्चा होगी। वेबिनार के समापन सत्र में चर्चा से प्राप्त सुझाव प्रस्तुत किए जाएंगे। केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी समापन संबोधन देंगे और देखभाल अर्थव्यवस्था की जरूरतों को पूरा करने के लिए कौशल व्यवस्था को मजबूत करने के उपायों पर अपनी बात रखेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### मरहूम दिलशाद सैफी की बरसी पर रोजा इफ्तार का आयोजन, लोगों ने अदा की खिराज-ए-अकीदत



**लोकतंत्र की शान : (खिज़र अहमद): नजीबाबादः** नगर कांग्रेस कमेटी नजीबाबाद की ओर से वरिष्ठ कांग्रेस नेता मरहूम दिलशाद सैफी की दूसरी बरसी के अवसर पर मोहल्ला पठानपुरा में नईमुल अख्तर के आवास पर रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और स्थानीय लोगों ने शिरकत की। इस दौरान उपस्थित लोगों ने मरहूम दिलशाद सैफी को याद करते हुए उनके राजनीतिक जीवन और पार्टी के प्रति किए गए योगदान को सराहा। वक्ताओं ने कहा कि दिलशाद सैफी कांग्रेस के एक कर्मठ और समर्पित कार्यकर्ता थे। उन्होंने नगर अध्यक्ष सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर रहकर पार्टी को मजबूत करने का कार्य किया। वक्ताओं ने कहा कि दिलशाद सैफी आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके द्वारा किए गए कार्यों को हमेशा याद किया जाएगा। सभी ने उनके लिए दुआ-ए-मगफिरत करते हुए उन्हें खिराज-ए-अकीदत पेश की। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी, अमजद सिद्दीकी, नसीम फारूकी, नईमुल अख्तर सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए और कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों का आभार जताया। रोजा इफ्तार कार्यक्रम में डॉ. इकबाल, डॉ. अनस, जोशान सैफी, अकरम खान, अनीस विशाल अंसारी, राकेश शर्मा, विनोद मित्तल, शाहिद सिद्दीकी, अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, शराफत चौधरी, शाही अराफात सैफी, फैज एडवोकेट, सिताब खान, परवेज अली, बिलाल एडवोकेट, महमूद कुरैशी, हसीब कुरैशी सहित कई गणमान्य लोग और पत्रकार मौजूद रहे।

### वार्ड नंबर 28 में विकास की रफ्तार तेज, नई सराय में बन रही नई सड़क का नगर पालिका अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

» सभासद के साथ मौके पर पहुंचे अध्यक्ष, कहा – सम्भल में इतना तेज विकास पहले कभी नहीं हुआ

**लोकतंत्र की शान : सैय्यद कुमैल ज़ैदी, सम्भलः** नगर पालिका परिषद सम्भल के वार्ड नंबर 28 स्थित नई सराय इलाके में बन रही नई सड़क के निर्माण कार्य का आज नगर पालिका अध्यक्ष ने स्वयं मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड नंबर 28 के सभासद भी मौजूद रहे और उन्होंने चल रहे निर्माण कार्य की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता और कार्य की गति को देखा तथा अधिकारियों और ठेकेदार को निर्देश दिए कि कार्य समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए ताकि क्षेत्र के लोगों को बेहतर सुविधा मिल सके। स्थानीय लोगों ने भी सड़क निर्माण कार्य को लेकर खुशी जताई और नगर पालिका परिषद के इस कदम की सराहना की। लोगों का कहना है कि नई सराय क्षेत्र में इस सड़क के बनने से आवागमन में काफी सुविधा होगी और इलाके का विकास और तेज होगा। नगर पालिका अध्यक्ष के नेतृत्व में सम्भल शहर में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। शहर के कई वार्डों में सड़कों, नालियों और अन्य बुनियादी सुविधाओं पर तेजी से काम चल रहा है। लोगों का कहना है कि सम्भल में जितना विकास वर्तमान अध्यक्ष के कार्यकाल में हो रहा है, उतना पहले कभी देखने को नहीं मिला। नगर पालिका परिषद सम्भल द्वारा कराए जा रहे इन विकास कार्यों से शहर की तस्वीर लगातार बदल रही है और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं।



### रोज़ा इफ्तार में दिखा हिन्दू-मुस्लिम एकता का संदेश

गंगा जमुनी तहजीब की तर्ज पर पेश की मिशाल

**लोकतंत्र की शान : देवेंद्र सिंह , रामकोट/ सीतापुर** रामकोट इलाके के मिर्जापुर मजरा जवाहरपुर में रमज़ान के पवित्र माह में गंगा जमुनी तहजीब और हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल देखने को मिली। वही ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मोहित शुक्ला के द्वारा रोज़ा इफ्तार का आयोजन किया गया। गांव में मुस्लिम समुदाय के रोज़ेदारों के साथ-साथ अन्य धर्मों के ग्रामीण भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।और सभी ने मिलकर आपसी सौहार्द,भाईचारे का संदेश दिया। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि मोहित शुक्ला ने कहा कि गाँव की असली पहचान आपसी प्रेम,सद्भाव और भाईचारे से बनती है। किसी भी मानव जाति के साथ कोई भी भेद भाव नहीं करना चाहिए, आपस में प्रेम भाव के साथ मिल जुल कर रहना चाहिए,कहा कि किसी भी धर्म का त्योहार पूरे गाँव की खुशियों का अवसर होता है,और इसी भावना से समाज में एकता और सौहार्द मजबूत होता है। सभी ने एक साथ बैठकर रोज़ा इफ्तार किया और देश में अमन-चैन व खुशहाली की दुआ मांगी। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने का काम करते हैं। इफ्तार के अवसर पर हिंदू समाज से रामकुमार पांडेय, रंजीत कुमार गौतम, सरदार राज सिंह, तकदीर कुमार, अतुल शुक्ला, राम किशुन नासिर ,सत्तार,शादाब अली, आजाद अली,नसीम,अब्बास, नायाब,कासिम,फारूक नजर मोहम्मद ,नूर मोहम्मद ,हुसैनी, सादिक सहित तमाम गण मान्य उपस्थित रहे।



# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में आयोजित हुआ विशेष कार्यक्रम

लोकतंत्र की शान






**अंबेडकरनगर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जनपद अम्बेडकरनगर पुलिस द्वारा पुलिस लाइन स्थित बहुउद्देशीय हॉल में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर.शंकर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस उपमहानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र,अयोध्या सोमेन वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला व मुख्य विकास अधिकारी आनन्द शुक्ला उपस्थित रहे कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई तथा जीजीआईसी के छात्र-छात्राओं एवं पुलिस विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। उक्त अवसर पर महिलाओं द्वारा विभिन्न विषयों पर व्याख्यान भी प्रस्तुत किए गए, जिसमें श्रीमती गीता देवी द्वारा महिला संबंधी योजनाओं, लीलावती द्वारा बाल सेवा योजनाओं पर जानकारी तथा संगीता देवी द्वारा घरेलू हिंसा एवं मिशन शक्ति योजनाओं के संबंध में अनुभव की विस्तार से जानकारी दी गयी जिला प्रोबेशन विभाग द्वारा बालिकाओं को किट वितरित की गई तथा 05 बालिकाओं को मुख्यमंत्री बाल सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त 05 बालिकाओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत सम्मानित किया गया। खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन में महिला आरक्षी अनामिका को सम्मानित किया गया।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान "मेरा युवा भारत अंबेडकरनगर तथा SAI के द्वारा ASMITA (Achieving Sport Milestone by Inspiring Women Through Action) पहल के अंतर्गत बालिकाओं/महिलाओं की मैराथन/ प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया तथा मैराथन/ प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी बालिकाओं/ महिलाओं को पुरस्कृत किया गया।

मुख्य सेविका बाल विकास विभाग द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

श्रीमती माया पत्नी सुरेश

श्रीमती किरण पत्नी पवन कुमार

श्रीमती उपाध्याय पत्नी इंद्रपाल उपाध्याय

कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) श्री श्याम देव द्वारा मिशन शक्ति अभियान के संबंध में संबोधन किया गया तथा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रीमती प्रतीक्षा सिंह ने भी महिला सशक्तिकरण एवं मिशन शक्ति योजनाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग द्वारा मिशन शक्ति केन्द्र एवं साइबर हेल्प डेस्क से संबंधित जनजागरूकता प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें महिलाओं की सुरक्षा, अधिकारों तथा साइबर अपराध से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही अन्य विभागों द्वारा भी विभिन्न योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों से संबंधित प्रदर्शनी लगाई गई, जिन्हें उपस्थित लोगों द्वारा सराहा गया एवं जानकारी प्राप्त की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा NTPC से CSR के अंतर्गत प्राप्त 14 स्कूटी को महिला सशक्तिकरण के लिए थानों के मिशन शक्ति केंद्र के लिए प्रदान करते हुए उन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई परिषद द्वारा विश्व महिला दिवस पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल
जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुर :** रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आईटीआई परिषद द्वारा एक विचार गोष्ठी का आयोजन संगठन के प्रदेश सचिव मनोज गोयल जानकी वालों के आवास पर आयोजित किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता कविता सैनी प्रदेश सचिव महिला प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश के द्वारा की गई यथा संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता टेकचंद राणा द्वारा किया गया, इस बीच विचार गोष्ठी में महिला सशक्तिकरण पर बल दिया गया, विचार गोष्ठी के दौरान अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर उपस्थित संगठन की महिला पदाधिकारी को संगठन द्वारा पेन वितरित किए गए वही इस मौके पर विभिन्न वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखें, वहीं बैठक में संगठन विस्तार पर भी चर्चा की गई, बैठक में उपस्थित राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल यादव एडवोकेट द्वारा नए पदों पर नियुक्तियां दी गई जिसमें ममता सैनी एडवोकेट को महिला प्रदेश विधिक सलाहकार तथा एडवोकेट अमित सिंह टाटा को प्रदेश विधिक सलाहकार, विजय पारछा को अनुसूचित प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अमरोहा पद पर मनोनीत किया गया वहीं वीरेंद्र सिंह उर्फ नीटू सागर को जिला उपाध्यक्ष तथा मोहम्मद शान को जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ मेरठ मनोनीत किया गया, इस मौके पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल यादव एडवोकेट, प्रमोद कुमार शर्मा, टेकचंद सिंह राणा, विजय पारछा, नीरज शर्मा, अनुपम त्यागी, शंकर सिंह, राहुल पारछा, निखिल गोयल, मनोज गोयल, राधा अग्रवाल, कविता सैनी, अतुल गर्ग, पूरन सिंह, वीरेंद्र सिंह, सचिन गुप्ता, मोहित त्यागी, गोविंद कौशिक, अनीता रानी, पूजा चौधरी, भूपेंद्र कुमार, सरदार हरिश्चंद्र सिंह, प्रवीण अग्रवाल, अरुण त्यागी, शंकर सिंह सैनी, अमित सिंह टाटा आदि मौजूद रहे l

## योगी सरकार के डिजिटल विजन को मिलेगी नई रफ्तार, 'प्रोजेक्ट गंगा' से यूपी में हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड का होगा व्यापक विस्तार

लोक तंत्र की शान



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार डिजिटल कनेक्टिविटी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन, उत्तर प्रदेश की पहल पर 'प्रोजेक्ट गंगा' के तहत प्रदेश में हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए महत्वपूर्ण एमओयू साइन किया जाएगा। लखनऊ के होटल रेनेसां में आयोजित कार्यक्रम में स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन, उत्तर प्रदेश और वनओटीटी इंटरटेनमेंट लि. (ओआईएल - हिंदुजा ग्रुप लि. की सहायक कंपनी) के बीच औपचारिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान-प्रदान होगा। इस कार्यक्रम में प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

**गांवों में तेज और सुलभ होगी इंटरनेट की पहुंच–** 'प्रोजेक्ट गंगा' का उद्देश्य प्रदेश के ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत करना है। इस पहल के तहत न्याय पंचायत स्तर पर 8,000 से 10,000 स्थानीय उद्यमियों को स्वतंत्र डिजिटल सेवा प्रदाता (डीएसपी) के रूप में कार्य करने के लिए सक्षम बनाया जाएगा। ये उद्यमी स्थानीय स्तर पर हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड सेवाएं उपलब्ध कराएंगे, जिससे गांवों में इंटरनेट की पहुंच तेज और सुलभ होगी।

**10 लाख से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार–**इस परियोजना के माध्यम से अगले 2 से 3 वर्षों में प्रदेश के 20 लाख से अधिक घरों को हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड से जोड़े जाने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही इस पहल से 10 लाख से अधिक लोगों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे, जिससे ग्रामीण युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

## 12 लाख की फिरौती के लिए LKG के छात्र का अपहरण, 6 घंटे में पुलिस ने सकुशल बरामद किया

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल
जिला प्रभारी अमरोहा



**अमरोहा/नौगांव सादातः** नौगांव सादात थाना क्षेत्र में एलकेजी के छात्र विवान उर्फ वासु का 12 लाख रुपए की फिरौती के लिए अपहरण कर लिया गया था, पुलिस ने 6 घंटे के भीतर छात्र को सकुशल बरामद कर लिया, इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिनमें छात्र का रिश्ते का भाई भी शामिल है, घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि अपहरण की साजिश छात्र के रिश्ते के भाई ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर रची थी, पुलिस के अनुसार आरोपियों ने छात्र के पिता की मृत्यु के बाद मिली बीमा राशि के लालच में उसका अपहरण कर फिरौती मांगी थी, मूल रूप से धनोरा मार्ग स्थित रसूलपुर गावड़ी निवासी हरपाल सिंह का परिवार वर्ष 2014 में अमरोहा नौगांव सादात मार्ग स्थित गांव याहियापुर में आकर बस गया था, हरपाल सिंह के बेटे अवनीश उर्फ सौरभ नोएडा में इंजीनियर थे जिनकी वर्ष 2021 में सड़क हादसे में मृत्यु हो गई थी उनके परिवार में पत्नी डोली यादव और दो बेटे सार्थक उर्फ कृष्णा 10 वर्ष तथा विवान उर्फ बसु 5 वर्ष है, विवान क्षेत्र के गांव ढक्का स्थित एक पब्लिक स्कूल में एलकेजी का छात्र है,शनिवार दोपहर करीब 12:30 बजे विवान अपने घर के बाहर मोबाइल देख रहा था तभी वह अचानक लापता हो गया कुछ देर बाद उसकी मां डोली बाहर आई तो बेटे को गायब देखकर घबरा गई और उसकी तलाश शुरू की, हालांकि कोई सुराग नहीं मिला इस बीच दोपहर 1:45 बजे डोली के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई कॉल करने वाले ने विवान के अपहरण की जानकारी देते हुए उसे छोड़ने के बदले 12 लाख रुपए की फिरौती मांगी और पुलिस को सूचना देने पर बच्चे की हत्या की धमकी दी, वहीं पुलिस को घटना की गुप्त रूप से जानकारी दी गई, पुलिस ने कॉल डिटेल के आधार पर आरोपियों को पकड़ लिया, पुलिस ने मात्र 6 घंटे में ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया तथा अपहरत हुए बच्चे विवान उर्फ बासु को सकुशल बरामद कर लिया और तीनों गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया l

## मोला अली अ.स. की शहादत के अफसर पर बड़े पैमाने पर तेयारी शुरू

10 मार्च 2026 को रात्री 10 बजे बरामद किया जायेगा ताबूत



लोक तंत्र की शान

विश्व विख्यात दरगाह ए आलिया नजफ़ ए हिन्द जोगीपुरा बिजनौर मे मोला अली की शहादत पर होने वाली मजलिस को खिताब फ़रमाएगे विश्व विख्यात धर्म गुरु मौलाना शबाब नक़वी ( प्रशासक ) दरगाह ए आलिया नजफ़ ए हिन्द जोगीपुरा मे मोला अली अ.स. की शहादत पर देश के कोने कोने से हजारो की संख्या मे ज़ायरिन मोला अली अ.स. को उनकी शहादत पर देने आते है पुरसा ! इसी को लेकर पुलिस प्रशासन ने प्रशासक मौलाना शबाब नक़वी से मुलाक़ात की और होने वाले प्रोग्राम की वयवस्था का जाएजा लिया ! और प्रशासक मौलाना शबाब नक़वी ने पार्किंग, बिजली, पानी वा शोचालियों, की व्यवस्था को लेकर अपने समस्त कर्मचारियो को दिशा निर्देश दिये जिससे आने वाले जायरिनो को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो ! इस अवसर पर प्रशासक मौलाना शबाब नक़वी के साथ दरगाह प्रबन्धक हुसैन मेहंदी, मौलाना फिरोज़ हैदर, चौधरी सीरत उरुज, मोमिन रज़ा, सईद भाई, अब्बास नक़वी बुकनाला, आदि मोजूद रहे !

## अंबेडकर विकास मंच द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया


लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल
जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुरः** रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सिंह वैलनेस सेंटर हसनपुर में अंबेडकर विकास मंच के तत्वाधान में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कमलेश आर्य ने की संचालन ग्राम प्रधान मीनू रानी ने किया, अंबेडकर जन्मोत्सव समिति की अध्यक्ष चंचल सागर ने अपनी बात रखते हुए कहा की देश में संविधान लागू होने के बाद महिलाओं की शिक्षा में भागीदारी के बाद उन्हें सशक्त होने का मौका मिला है आज महिलाएं शिक्षा के माध्यम से हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है, अध्यक्ष कमलेश आर्य ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने में परिवार का महत्वपूर्ण योगदान होता है इसलिए हर हालत में सभी को आज देश की आधी आबादी को दरकिनार करके हम सशक्त उन्नत एवं शक्तिशाली राष्ट्र की कल्पना नहीं कर सकते आज महिलाएं सशक्त शासक़ और प्रशासक के रूप में भी अपनी सेवाएं देश में देने का काम कर रही है, प्रधान मीनू रानी ने कहा हम महिलाओं को कानूनी रूप से भी जागरूक होने की आवश्यकता है आज हमारे देश में विभिन्न क्षेत्रों में महिलाएं देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है हमारी सरकारें भी महिलाओं को विशेष संरक्षण प्रोत्साहन एवं सशक्त बनाने की बात व पहल कर रही है आज हम महिलाओं की जिम्मेदारी परिवार और समाज के प्रति और भी बढ़ती दिखाई दे रही है हम संस्कारवान समाज बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं और नैतिकता के माध्यम से परिवारों में समृद्धि की बयार बहाने का काम करें, इस अवसर पर सुषमा रानी, गीता देवी, बबीता रानी, जग रोशनी, गंगावती, मास्टर जयवीर सिंह, मास्टर छोटेलाल, मास्टर जगत सिंह, मास्टर रामपाल सिंह, फतेहचंद सिंह, जगदीश कुमार बुरावली वाले, सुशील भगत जी, विनय प्रताप,भोला सिंह, पप्पू, बृज किशोर,बिरजू , एडवोकेट अमित सिंह टाटा, प्रशांत कुमार आदि लोग उपस्थित रहे l

## रोजगार की तलाश में गया था मुंबई, चाकुओं से गोदकर कर दी हत्या - परिवार में मचा कोहराम

लोक तंत्र की शान, (खिज़र अहमद)



**बिजनौरः** के कस्बा शेरकोट के मोहल्ला खुराड़ा निवासी एक युवक की मुंबई मे चाकूओ से गोदकर बेहरमी से हत्या करदी गई है। हत्या की खबर से परिवार मे कोहराम मच गया। मृतक दो महीने पहले ही मुंबई गया था और ओला कम्पनी की टैक्सी चलाता था। जानकरी के अनुसार शेरकोट के मोहल्ला खुराड़ा निवासी मोहम्मद नासिर उम्र 22 वर्ष पुत्र सलामतुल्लाह दो महीने पहले मुंबई गया था। वह मुंबई के थाणे जिले के अंतर्गत आने वाले एरौली इलाके मे रहता था और ओला कम्पनी की टैक्सी चलाता था। गुरूवार की दोपहर नासिर ने करीब साढ़े तीन बजे टीटवाला इलाके से पुणे के लिए ऑनलाइन बुकिंग ली करीब पांच बजे नासिर ने अपने भाई शाहनवाज़ से फोन पर बातचीत की जब तक सब कुछ सही था। उसके बाद परिवार की नासिर से बात नही हो पाई और शुक्रवार को रात करीब आठ बजे नासिर की टैक्सी उसी स्थान पर मिली जहा से उसने बुकिंग ली थी। नासिर के बड़े भाई आमिर भी मुंबई मे रहते है। जब उन्होंने कॉल की तो रिसीव नही हुई। उन्होंने लोकेशन निकलवाई तो गाड़ी उसी स्थान पर थी, जब नासिर के भाई आमिर मौके पर पहुंचे तो गाड़ी मे नासिर नही था। बल्कि अंदर से पूरी कार खून से सनी हुई थी। और चप्पल व मोबाइल भी कार के अंदर से ही बरामद हुआ यह सब देख भाई के होश उड़ गए उसने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरु की और कार से सबूत जुटाए, शनिवार की रात करीब ढाई बजे टीटवाला से लगभग 90 किलो मीटर दूर जुन्नर घाट इलाके मे सड़क किनारे खाई मे नासिर की बॉडी पड़ी मिली जिसके शरीर पर धारदार हथियार से बेहरमी से वार किए गए हुए थे। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच तेज करदी। पुलिस जांच पड़ताल मे एक सीसी टीवी फुटेज सामने आया है। जिसमे नासिर की कार से एक व्यक्ति निकलता हुआ दिखाई दिया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कातिलों की तालाश मे जुट गई। उधर जैसे ही यह खबर नासिर के घर पहुंची तो परिवार मे कोहराम मच गया। नासिर के पिता सलामतुल्लाह शेरकोट नगर पालिका मे सभासद रह चुके है। नासिर की हत्या की खबर से नगर मे शोक की लहर दौड़ गई। पूर्व चैयरमेन शेख कमरुल इस्लाम नासिर के घर पहुंचे और इस दुख की घड़ी मे परिवार के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। मृतक नासिर पांच भाइयो मे सबसे छोटा था। वह घटना वाले दिन रोजे से था। परिवार के लोग बॉडी लेने के लिए मुंबई पहुंच गए है। जिसको शेरकोट लाया जा रहा है। उधर पुलिस भी जल्द ही कातिलों की गिरफ्तारी करने की बात कह रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रेग्नेंट नाबालिग का ऑपरेशन, नवजात को बेचने की साजिश, अस्पताल संचालक समेत 3 गिरफ्तार

**लोकतंत्र की शान : पटना।** पटना के गर्दनीबाग में 3 मार्च को एक नाबालिग लड़की अपने घर से गायब हो गई थी। इसके बाद परिजन ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में पुलिस ने खुलासा किया है। सचिवालय एसडीपीओ-1 डॉ. अनु कुमारी ने कहा कि जिस शख्स को नामजद किया गया था, जांच के दौरान पता चला कि उस युवती से उसका प्रेम-प्रसंग था। जांच में पता चला कि युवक को पता चला था कि नाबालिग प्रेग्नेंट है। इसके बाद युवक ने अपनी मां के साथ मिलकर युवती का अवैध तरीके से संजीवनी अस्पताल सर्जरी करा दिया। एक नवजात बच्ची हुई। जिसे युवक और उसकी मां फेंकने चाहते थे, लेकिन संजीवनी अस्पताल की ओर से बेचने की नीयत



से अपहरण करके दूसरी जगह छिपा दिया गया। इस मामले में अस्पताल के संचालक को अरेस्ट कर लिया गया है। फिलहाल इस मामले में 3 लोगों को अरेस्ट कर जेल भेजा गया है। एसडीपीओ ने कहा कि अस्पताल के जब वैलिड डॉक्युमेंट्स मांगे गए तो कोई डॉक्यूमेंट प्रबंधन की ओर से उपलब्ध नहीं कराए गए। अस्पताल के लाइसेंस से संबंधित भी कागजात नहीं मिले। इस अस्पताल के खिलाफ पटना सिविल सर्जन और जिला दंडाधिकारी को भी पत्र लिखे गए हैं। पुलिस ने मासूम को बरामद कर लिया है और उसे CWC को दिया गया है। वहीं, दूसरी तरफ नाबालिग को भी बरामद कर लिया गया है। उसका बयान दर्ज हुआ है। सर्जरी महिला डॉक्टर को करनी थी, लेकिन पुरुष डॉक्टर ने ही नियमों को ताक पर रखकर सर्जरी कर दी, जो बिल्कुल गलत है। पुलिस की ओर से डॉक्टर के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की छानबीन जारी है।

### पहली पत्नी की डेथ एनिवर्सरी पर पवन सिंह का पोस्ट; ज्योति ने लिखा- आपकी जगह मुझे नहीं मिली

**लोकतंत्र की शान : पटना।** भोजपुरी एक्टर और सिंगर पवन सिंह ने अपनी पहली पत्नी नीलम देवी की डेथ एनिवर्सरी पर उनको याद किया है। पवन सिंह ने सोशल मीडिया X पर नीलम देवी की फोटो पोस्ट कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही एक इमोशनल पोस्ट भी शेयर किया है। जिसमें उन्होंने लिखा, 'आपके बिना अधूरा हूं, अधूरा ही रहूंगा।' वहीं, पवन सिंह की दूसरी पत्नी ज्योति ने भी पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा- आप जहां भी हो, भगवान अपने चरणों में स्थान दें। मुझे इस बात का अफसोस हमेशा रहेगा कि आपकी जगह मुझे कभी दिया ही नहीं गया। पवन सिंह और उनकी दूसरी पत्नी ज्योति सिंह के बीच तलाक का केस चल रहा है। इसके बावजूद ज्योति सिंह ने दो दिन पहले अपनी वेडिंग एनिवर्सरी के मौके पर फेसबुक और इंस्टाग्राम पर पवन सिंह के साथ पुरानी तस्वीर साझा कर उन्हें शादी की सालगिरह की बधाई दी थी। ज्योति सिंह की ओर से शेयर की गई तस्वीर में दोनों काफी खुश नजर आ रहे थे। फोटो में ज्योति सिंह मैरून रंग की साड़ी पहने, मांग में सिंदूर लगाए हुए पवन सिंह की बाहों में मुस्कराती दिखाई दे रही थी। इस तस्वीर के साथ उन्होंने 'Happy Anniversary' लिखकर पवन सिंह को बधाई दी थी। नीलम देवी और पवन सिंह की शादी 2014 में हुई थी। शादी के तीन महीने बाद 8 मार्च, 2015 को नीलम ने मुंबई में पवन सिंह के फ्लैट में पंखे से लटककर सुसाइड कर लिया। इस आत्महत्या के बाद पवन सिंह का नाम विवादों में घिर गया था।

### महिला दिवस पर लिए गए 5 संकल्पःएम्पावरमेंट और जेंडर इक्वलिटी को बढ़ावा देने का टारगेट

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर।** वैशाली में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए पांच प्रमुख संकल्प लिए गए। इन संकल्पों का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आजीविका से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना और समाज में उनके विरुद्ध होने वाली हिंसा व भेदभाव को समाप्त करना है। पहले संकल्प में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना (MMRY) के माध्यम से अधिक महिलाओं को आजीविका से जोड़ने पर जोर दिया गया। इसका लक्ष्य उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और श्रमबल में उनकी सक्रिय भागीदारी



सुनिश्चित करना है। दूसरे संकल्प के अनुसार, महिलाओं के विरुद्ध किसी भी प्रकार की हिंसा, भेदभाव और उत्पीड़न का विरोध किया जाएगा। साथ ही, 'सुरक्षित रास्ता विकास का रास्ता' संदेश को गांव, पंचायत और समाज में प्रसारित करने का आह्वान किया गया। तीसरे संकल्प में बाल विवाह जैसी कुप्रथा को रोकने के लिए सजग रहने और कानून की जानकारी देने का प्रावधान है। इसमें अपने क्षेत्र में बाल विवाह न होने देने की प्रतिबद्धता भी शामिल है। चौथे संकल्प के तहत, समाज में लैंगिक समानता, सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य किया जाएगा। इसका उद्देश्य अन्य महिलाओं और बेटियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना भी है। अंतिम संकल्प में अपने कर्तव्यों का निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करते हुए एक सुरक्षित, सशक्त और समतामूलक समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया है।

### हाजीपुर सदर अस्पताल से बाइक चोरी, टोकन लेकर पार्किंग एरिया में खाड़ी की थी गाड़ी, काम से आया था हॉस्पिटल

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर।** हाजीपुर सदर अस्पताल परिसर से शनिवार दोपहर करीब 3 बजे एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई। गोरौल थाना क्षेत्र के चांदपुरा कला गांव निवासी लालजी शाह ने इस संबंध में नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। लालजी शाह अपनी BR06Aw 3987 नंबर की मोटरसाइकिल से निजी काम के लिए अस्पताल आए थे। उन्होंने अस्पताल के मुख्य गेट पर पार्किंग का टोकन लेकर अपनी बाइक पार्किंग एरिया में खड़ी की थी। काम समाप्त होने के बाद जब वे वापस लौटे, तो मोटरसाइकिल गायब मिली। इस घटना के बाद मोटरसाइकिल मालिक लालजी शाह ने अस्पताल परिसर में हंगामा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्किंग टोकन होने और गेट पर चार सुरक्षा गार्डों की तैनाती के बावजूद बाइक कैसे चोरी हो गई। लालजी शाह ने सुरक्षा गार्डों पर मिलीभगत का आरोप लगाया। उन्होंने सवाल उठाया कि गार्डों ने कूपन की जांच क्यों नहीं की। यह घटना अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। सदर अस्पताल में पहले भी लगातार बाइक चोरी की घटनाएं होती रही थीं। इन पर अंकुश लगाने के लिए अस्पताल प्रशासन ने पार्किंग टोकन सिस्टम शुरू किया था। इस सिस्टम के लागू होने के बाद दो महीने तक कोई बाइक चोरी नहीं हुई थी, लेकिन अब दो महीने बाद यह पहली चोरी की घटना सामने आई है। नगर थाना अध्यक्ष सिकंदर कुमार ने इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सदर अस्पताल में टोकन लेकर बाइक खड़ी की गई थी, जिसके बाद वह चोरी हो गई। उन्होंने इस घटना के लिए अस्पताल में तैनात गार्डों की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया। थाना अध्यक्ष के अनुसार, गार्डों ने या तो ठीक से टोकन की जांच नहीं की या उनकी मिलीभगत से बाइक चोरी हुई है।

### चरित्र प्रमाण-पत्र में देरी को लेकर 3 थानाध्यक्षों पर कार्रवाई

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर।** वैशाली पुलिस अधीक्षक ने चरित्र प्रमाण पत्र बनाने में देरी के मामले में तीन थानाध्यक्षों पर आर्थिक दंड लगाया है। यह कार्रवाई बिहार लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम के तहत की गई है। पुलिस अधीक्षक वैशाली ने 7 मार्च 2026 को ऑनलाइन चरित्र प्रमाण पत्र आवेदनों के निष्पादन की समीक्षा की थी। इस दौरान पाया गया कि कुछ मामलों में निर्धारित समय-सीमा के बाद भी आवेदनों के निपटारे में देरी हुई थी। अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, लालगंज, गोरौल और जुड़ावनपुर के थानाध्यक्षों पर पांच-पांच हजार रुपए का आर्थिक दंड लगाया गया है। यह राशि उनके वेतन से वसूल कर सरकारी खजाने में जमा की जाएगी। वैशाली पुलिस बिहार लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदनों का निष्पादन 14 दिनों के भीतर करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# नशे की दवा और इंजेक्शन के साथ तीन गिरफ्तार

लोकतंत्र की शान , पटना

पटना में प्रतिबंधित इंजेक्शन और टैबलेट के साथ तीन तस्कर पकड़े गए हैं। अगम कुआं इलाके के बाईपास एनआरएल पैट्रोल पंप के पास बिक्री के लिए झोले में प्रतिबंधित दवा रखकर तीनों कस्टमर का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली। उस लोकेशन पर पहुंचकर पुलिस ने जब संदेह के आधार पर इन तीनों की तलाशी ली तो इनके पास से प्रतिबंधित दवा बरामद की गई। जो अमूमन नशे के लिए इस्तेमाल की जा रही है। पुलिस की पूछताछ में तीनों ने बताया कि राम कृष्ण नगर के जकरियापुर में स्टोर कर के और भी बहुत सारी प्रतिबंधित दवा रखी गई है। इसके बाद इनकी निशानदेही पर छापेमारी करके गोदाम से तकरीबन 20 लाख की दवा बरामद की गई है।

**नशे की दवा और इंजेक्शन बरामदः** गिरफ्तार आरोपियों के पास से Alprazolam की



10800 टैबलेट, Lecgesic इंजेक्शन 60 पीस, Silent इंजेक्शन 52 पीस, Talgesic इंजेक्शन 59 पीस, Rainkout इंजेक्शन 10 पीस, Zepine इंजेक्शन 130 पीस, Unlabelled Ampules इंजेक्शन 90 पीस, Avil इंजेक्शन 10600 पीस, Fenargan इंजेक्शन 330 पीस तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

**बाहर से मंगाई जा रही थी दवाः** अभी तक की पूछताछ में पुलिस को तस्करों ने बताया

♦ बाजार में दवा की अनुमानित कीमत 20 लाख, तस्करों से होगी पूछताछ

है कि पार्सल के जरिए दूसरे राज्यों से प्रतिबंधित दवा मंगा रहे थे। हालांकि स्पष्ट तौर पर राज्य का नाम नहीं बताया है ना ही मुख्य सरगना के बारे में पुलिस को बताया है। पूर्वी एसपी परिचय कुमार ने बताया कि तीनों तस्करों को रिमांड पर लेकर उनसे पूछताछ की जाएगी। दवा कहां से मंगाई जा रही थी, इसके स्रोत के बारे में पता लगाया जाएगा।

## प्रदेश अध्यक्ष बनने पर जदयू नेताओं में खुशी, संगठन होगा और मजबूतः डॉ. लुत्फुल्लाह

लोकतंत्र की शान



**सहरसा, मो. जियाउद्दीन, जिला संवाददाताः** जनता दल (यूनाइटेड) सहरसा के जिला मुख्य प्रवक्ता डॉ. लुत्फुल्लाह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बिहार प्रदेश जनता दल (यू) के प्रदेश अध्यक्ष को लगातार तीसरी बार इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर जदयू सहरसा परिवार की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई है। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के माननीय मुख्यमंत्री Nitish Kumar, राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष Sanjay Jha, वरिष्ठ नेता Lalan Singh, चंदन सिंह तथा संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी सहित सभी वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया है। जिला प्रवक्ता ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष Umesh Singh Kushwaha के नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा बिहार में विकास, सामाजिक न्याय और सुशासन की दिशा में पार्टी नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के मनोनयन से सहरसा जिले के जदयू नेताओं और कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। कार्यकर्ताओं को पूर्ण विश्वास है कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई मजबूती और धार मिलेगी। अंत में डॉ. लुत्फुल्लाह ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष को स्वस्थ, सफल और ऊर्जावान नेतृत्व प्रदान करने की शक्ति मिले, ताकि पार्टी निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ती रहे।

## राज्यपाल की पत्नी समाजसेवी रेशमा आरिफ को मिला सम्मान

❐ विमेंस डे पर ऑब्स्टेट्रिक एंड गायनेकोलॉजिकल सोसाइटी का आयोजन, कई फेमस डॉक्टर्स रहीं शामिल

लोकतंत्र की शान , पटना



8 मार्च को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर पटना ऑब्स्टेट्रिक एंड गायनेकोलॉजिकल सोसाइटी ने होटल मौर्या में एक सीएमई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया। सोसाइटी ने बिहार की पहली महिला और प्रसिद्ध समाजसेवी (राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां की पत्नी रेशमा आरिफ को सामाजिक कार्यों और महिलाओं के कल्याण के क्षेत्र में उनके प्रेरणादायक योगदान के लिए सम्मानित किया।

**अध्यक्ष बोलीं- स्वास्थ्य सेवा मजबूत बना रही महिलाएंः** इस मौके पर सोसाइटी की अध्यक्ष डॉ. प्रज्ञा मिश्रा चौधरी ने कहा, आज के दौर में महिला डॉक्टर महिलाओं के सशक्तिकरण को आगे बढ़ा रहीं। स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

**डॉ. कुमकुम सिन्हा को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्डः** सोसाइटी की पूर्व अध्यक्ष डॉ. कुमकुम सिन्हा को महिलाओं के स्वास्थ्य के क्षेत्र में उनके अमूल्य और आजीवन योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड मिला। इस कार्यक्रम में पटना की कई प्रतिष्ठित स्त्री-रोग विशेषज्ञ उपस्थित रहीं, जिनमें पद्मश्री से सम्मानित डॉ. शांति रॉय, डॉ. मंजू गीता मिश्रा, डॉ. प्रमिला मोदी, डॉ. सुषमा पांडेय, डॉ. अलका पांडेय, डॉ. विनीता सिंह, निब्हा मोहन, डॉ. मीना सामंत, डॉ. रंजना सिन्हा सहित सोसाइटी के अन्य अनेक सम्मानित सदस्य शामिल हुए। इस मौके पर महिला शक्ति की भावना का उत्सव मनाया गया। स्वास्थ्य सेवा और समाज में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली महिलाओं के समर्पण को सराहा गया।


### पटना में ब्लैकमेलिंग में युवक की हत्या का खुलासा

## न्यूड वीडियो भेज कर किया ब्लैकमेल, प्रेमिका और देवर ने मिलकर किया मर्डर

लोकतंत्र की शान , पटना

पटना के परसा बाजार थाना क्षेत्र में एक साल पहले मिले युवक के शव के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पटना पुलिस ने जांच के बाद इस हत्याकांड का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 18 मार्च 2025 को बरामद हुए इस शव की पहचान उस समय नहीं हो पाई थी। युवक की गला रेतकर हत्या की गई थी और शरीर पर धारदार हथियार के निशान थे।

**जहानाबाद के युवक की हुई पहचानः** मामले की जानकारी देते हुए पूर्वी SP परिचय कुमार ने बताया कि, मृतक की पहचान जहानाबाद के महादेव शाह के तौर पर हुई है। पुलिस ने सीडीआर रिपोर्ट के आधार पर मृतक की प्रेमिका पुष्पा देवी, उसके देवर आलोक कुमार और एक ऑटो चालक सन्नी कुमार को अरेस्ट कर लिया है। फिलहाल इस घटना में



शामिल एक आरोपी फरार है।

**ब्लैकमेल से परेशान था परिवारः** पूछताछ में आरोपी आलोक ने पुलिस को बताया है कि, 'साल 2022 में पुष्पा देवी की शादी अभिमन्यु पासवान से हुई थी। शादी से पहले से ही महादेव शाह के संपर्क में थी। दोनों में प्रेम प्रसंग चल रहा था। शादी के बाद महादेव शाह भाभी को न्यूड वीडियो और तस्वीर भेज कर ब्लैकमेल कर रहा था। शादी के बाद भी संबंध बनाना चाहता था। इस बात से पूरा परिवार परेशान चल रहा था। 17 मार्च और 18 मार्च यानी घटना वाले दिन भाभी ने उसे फोन करके बुलाया था। मैं और मेरा दोस्त गांव के एक ऑटो में उसे बैठाकर सुनसान जगह पर ले गए और हत्या कर दी।'

**दरोगा की तैयारी करने पटना आया था आरोपीः** महिला का आरोपी देवर आलोक कुमार गांव में ही निजी मेडिकल क्लिनिक अपना चला रहा था। घटना के बाद मेडिकल दुकान बंद कर पटना में दरोगा की तैयारी करने चला आया। दूसरा आरोपी महेंद्रू इलाके में ही रहकर तैयारी कर रहा था।

**गिरफ्तारी के वक्त छत से आरोपी ने लगाई छलांगः** आलोक को पटना पुलिस ने महेंद्रू इलाके के हॉस्टल से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी ने हॉस्टल से छलांग लगा दी। जिसमें पैर की हड्डी टूट गई है। पुलिस को तीन मोबाइल फोन मिले हैं, जिसमें मृतक का भी एक टूटा मोबाइल शामिल है।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जवाहर विकास भवन में कार्यक्रम, उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं हुईं सम्मानित

लोकतंत्र की शान

**सहरसा, मो. जियाउद्दीन, जिला संवाददाताः** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार, पटना के निर्देशानुसार जवाहर विकास भवन, सहरसा में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त श्री गौरव कुमार उपस्थित रहे। उनके आगमन पर कुमारी पुष्पा, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (ICDS), सहरसा द्वारा पौधा भेंटकर औपचारिक स्वागत किया गया। इसके बाद वरीय पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी जिला प्रोग्राम पदाधिकारी द्वारा दी गई। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्री गौरव कुमार ने केक काटकर अंतराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह की औपचारिक शुरुआत की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर




सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में उप विकास आयुक्त ने महिला सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज में महिलाओं की भागीदारी और सम्मान सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर 'बाल विवाह मुक्त भारत अभियान' के समापन के तहत उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को बाल विवाह उन्मूलन की शपथ दिलाई गई। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से पौधारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें उप विकास आयुक्त द्वारा पौधारोपण कर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने की अपील की गई। कार्यक्रम के सफल संचालन में जिला हब फॉर एम्पॉवरमेंट ऑफ वीमेन, सहरसा, वन स्टॉप सेंटर तथा पालनाघर, समाहरणालय परिसर की टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का समन्वय सुश्री काजल चौरसिया, जिला परियोजना प्रबंधक, महिला एवं बाल विकास निगम, सहरसा द्वारा किया गया, जबकि नोडल पदाधिकारी के रूप में कुमारी पुष्पा, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (ICDS) ने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, सामाजिक जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को समाज तक पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

## निशांत ने जदयू जॉइन की

लोकतंत्र की शान , पटना

बिहार के मुख्यमंत्री के बेटे निशांत कुमार 8 मार्च यानी रविवार को JDU की सदस्यता ली। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मौजूद नहीं रहे। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने निशांत को पार्टी की सदस्यता दिलाई। ललन सिंह ने उन्हें पार्टी का गमछा पहनाया। पार्टी की सदस्यता लेने के बाद निशांत ने ललन सिंह और संजय झा के पैर छुए। निशांत ने कहा, 'मैं पार्टी के लिए मेहनत से काम करूंगा। मेरे पिताजी ने 20 साल में जो काम किए हैं, मैं उन्हें आगे बढ़ाऊंगा। राज्यसभा जाने का फैसला मेरे पिताजी का है। बिहार की जनता और देश की जनता से अपील करता हूं कि पिताजी पर विश्वास बनाए रखें।'

इससे पहले निशांत में अपने पिता नीतीश की स्टाइल में हाथ जोड़कर सभी का अभिवादन किया। वे सफेद कुर्ते और क्रॉक्स चप्पल में पहुंचे। इस दौरान नीतीश कुमार और निशांत कुमार जिंदाबाद के नारे लगते रहे। बिहार की CM कैसा हो निशांत कुमार जैसा हो के भी नारे लगे। इस दौरान कुछ कार्यकर्ता ललन सिंह



♦ बोले- पापा पर भरोसा रखिए, उनके काम को आगे ले जाऊंगा, पार्टी कार्यकर्ताओं-ललन सिंह समर्थकों में हुई मारपीट

जिंदाबाद के नारे लगाने लगे। कुछ पार्टी कार्यकर्ताओं ने कहा कि सिर्फ निशांत कुमार के समर्थन में नारे लगेंगे। इसके बाद पार्टी कार्यकर्ताओं और ललन सिंह समर्थकों के बीच जमकर मारपीट हुई।

कार्यकर्ताओं में मारपीट के दौरान जदयू ऑफिस में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि हंगामे के दौरान विधायक नचिकेता मंडल के साथ भी मारपीट की कोशिश की गई। स्थिति को देखते हुए पुलिस मौके पर पहुंची और बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।

### पटना में 200 से अधिक अवैध होर्डिंग हटे

लोकतंत्र की शान , पटना

बिहार के सभी शहरों में अवैध होर्डिंग के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। राज्य के 38 जिलों के 264 नगर निकायों में 11 हजार से अधिक अवैध होर्डिंग मामले में लगभग 20 लाख रुपए दंड राशि की वसूली की गई है। वहीं, पटना नगर क्षेत्र में अभी तक 200 से अधिक अवैध होर्डिंग के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है, जबकि 250 से अधिक होर्डिंग हटाने के लिए नोटिस भेजा जा चुका है। पटना नगर निगम के अंतर्गत अबतक 54 विज्ञापन एजेंसियों का 107.12 करोड़ रुपए बकाया है, जिसके भुगतान के लिए नोटिस भेजा गया है।

पटना में सबसे अधिक पाटलिपुत्र अंचल में 59 अवैध होर्डिंग हटाए गए हैं, जबकि कंकड़बाग अंचल में 89 अवैध होर्डिंग के खिलाफ नोटिस भेजा गया है। पटना नगर निगम क्षेत्र में बिना



अनुमति सार्वजनिक स्थलों, सड़कों के किनारे, विद्युत पोल, सरकारी परिसरों, निजी भवन या अन्य स्थानों पर लगाए गए विज्ञापन सामग्री, यूनिपोल, होर्डिंग के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। निजी भवनों की छतों और दीवारों पर बिना वैध अनुमति लगाए गए होर्डिंग के विरुद्ध नोटिस जारी किए जा रहे हैं। नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि अवैध बैनर-पोस्टर लगाने वाले विज्ञापनकर्ताओं से विभाग राजस्व गबन करने वाले आर्थिक अपराधी की तरह निपटने की तैयारी कर रहा है।

## चैती छठः पांच करोड़ में तैयार होंगे पटना के घाट

लोकतंत्र की शान , पटना

चैती छठ 2026 की शुरुआत 22 मार्च से हो रही है। इसे लेकर पटना नगर निगम ने भी अपनी कमर कस ली है। 20 मार्च तक घाटों को तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें 5 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। शहर के विभिन्न अंचलों में घाटों की सफाई, सुरक्षा और सुंदरीकरण होगा। तैयारियों के तहत घाटों पर अस्थायी बैरिकेडिंग, दलदली क्षेत्रों में बालू भराई, बांस की चाली बिछाने, लाइटिंग आदि की व्यवस्था की जाएगी। नगर निगम की ओर से टेंडर प्रक्रिया चल रही है। घाट निर्माण के साथ साज-सज्जा, अतिरिक्त लाइटिंग और पार्किंग जैसे कामों को 22 मार्च तक अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

**पाटलिपुत्र अंचल में बड़े पैमाने पर की जा रही तैयारीः** पाटलिपुत्र अंचल में चैती छठ की तैयारियां सबसे बड़े पैमाने पर की जा रही हैं। इस अंचल के प्रमुख घाटों के लिए 1 करोड़ 72 लाख रुपये का बजट निर्धारित किया गया



है। इसके तहत पाटीपुल पूर्वी व पश्चिमी घाट, कलेक्ट्रेट घाट, बांसघाट, एलसीटी घाट और घाट संख्या 93, 88 और 83 पर विशेष सुधार कार्य कराए जाएंगे।

**अजीमाबाद अंचल से लेकर पटना सिटी के घाटों पर काम जारीः** अजीमाबाद अंचल के गाय घाट, सीढ़ी घाट और महाराज घाट से लेकर पटना सिटी के कंगन घाट व अन्य को तैयार किया जाएगा। कंकड़बाग अंचल में पार्कों के भीतर बने तालाबों को व्रतियों के लिए तैयार किया जाएगा। इसके साथ ही नूतन राजधानी अंचल के महुआबाग, बीएमपी-5, पटना जू, मानिकचंद

♦ पाटलिपुत्र अंचल में 1.72 करोड़ का बजट तय, 20 मार्च तक काम पूरा करने का डेडलाइन

तालाब, पंच मंदिर, बेउर और अदालतगंज तालाब जैसे प्रमुख के लिए करीब 72 लाख रुपये रुपये खर्च किए जाएंगे।

**काली घाट से पथरी घाट तक 97.79 लाख से संवरेंगे घाटः** बांकीपुर अंचल के अंतर्गत आने वाले गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 97 लाख 79 हजार रुपए की योजना बनाई गई है। इसमें काली घाट, कदम घाट, पटना कॉलेज घाट, गांधी घाट और लॉ कॉलेज घाट जैसे महत्वपूर्ण स्थल शामिल हैं। काली घाट से लेकर पथरी घाट तक के पूरे स्ट्रेच को एलइडी लाइट्स से रोशन किया जाएगा। इसके साथ ही कदम घाट से चौधरी टोला घाट के बीच स्थित सभी सार्वजनिक शौचालयों की मरम्मत और सफाई का जिम्मा भी लिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### यमुनानगरः पश्चिमी नहर किनारे मिली अज्ञात युवती की लाश की तीन दिन बाद भी नहीं हुई पहचान

**लोकतंत्र की शान : यमुनानगर।** हरियाणा के यमुनानगर के थाना बुडिया क्षेत्र में फतेहपुर पुल के नीचे पश्चिमी नहर किनारे वीरवार को मिली अज्ञात युवती की लाश की तीन दिन बाद भी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को पहचान के लिए पोस्टमार्टम हाउस में सुरक्षित रखा था, लेकिन कोई भी व्यक्ति सामने नहीं आया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार मृतका की उम्र 25 से 30 वर्ष के बीच है। जांच अधिकारियों ने बताया कि शव मिलने के बाद आसपास के क्षेत्रों में लोगों से पूछताछ की गई। इसके साथ ही जिले और आसपास के थानों में हाल के दिनों में दर्ज हुई महिलाओं की गुमशुदगी की रिपोर्ट भी खंगाली जा रही है, लेकिन अभी तक कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया है। मौके से पुलिस को कुछ सामान भी बरामद हुआ है। युवती के पास से तंबाकू की एक पुड़िया और माचिस मिली है। इसके अलावा उसके एक हाथ में मंगलसूत्र पाया गया, जिससे यह संभावना जताई जा रही है कि वह विवाहित हो सकती है। घटनास्थल के पास से एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है, जो बंद अवस्था में मिला। पुलिस ने मोबाइल को तकनीकी जांच के लिए भेज दिया है, ताकि उससे किसी प्रकार की जानकारी मिल सके। मामले की जांच के दौरान पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि युवती वहां कैसे पहुंची और घटना के पीछे क्या कारण हो सकते हैं। पुलिस ने बताया कि शव को 72 घंटे तक सुरक्षित रखने के बाद भी पहचान नहीं होने की स्थिति में रविवार को उसका पोस्टमार्टम कराया जाएगा। इसके बाद सामाजिक संस्था के सहयोग से अज्ञात के रूप में अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### पंजाब में शुरू होगी मेरी रसोई योजना, 40 लाख परिवारों को मिलेगी मुफ्त राशन किट

**हर तिमाही में मिलेगी चीनी,दाल, तेल, हल्दी व नमक**

**लोकतंत्र की शान : चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने जरूरमंद परिवारों के लिए मेरी रसोई योजना शुरू करने का ऐलान किया है। इसके लिए बजट में 900 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है। वित्त मंत्री हरपाल चीमा में रविवार को बजट में इस योजना का ऐलान करते हुए कहा कि सरकारने राज्य के कमजोर परिवारों के लिए खाद्य और पोषण सुरक्षा को और मजबूत करने के उद्देश्य से "मेरी रसोई" योजना शुरू करने का निर्णय लिया है। इस पहल के तहत, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम/स्मार्ट राशन कार्ड योजना के तहत आने वाले लगभग 40 लाख परिवारों को मौजूदा अनाज अधिकार के अलावा हर तिमाही आवश्यक वस्तुओं वाले राशन किट मुफ्त में प्रदान किए जाएंगे। इन किटों में 2 किग्रा चीनी, 2 किग्रा चना दाल, 1 लीटर सरसों का तेल, 200 ग्राम हल्दी और 1 किग्रानमक शामिल होंगे। यह कार्यक्रम घरेलू खर्च को कम करने और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को समर्थन देने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके प्रभावी कार्यान्वयन के लिए वित्तीय वर्ष 2026–27 में 900 करोड़ का बजट आरक्षित किया गया है। इसके अलावा लोगों की एक लंबी मांग रही है कि नए राशन कार्ड के लिए नामांकन खोला जाए, ताकि राज्य में कोई भी गरीब परिवार अपने भोजन की चिंता न करे। आने वाले वर्ष में 10 लाख नए लाभार्थियों को खाद्य सुरक्षा का लाभ मिलेगा, और उन लोगों का स्वागत किया जाएगा जो लंबे समय से अपने अधिकारिक शामिल होने की प्रतीक्षा कर रहे थे। पंजाब में प्रत्येक परिवार के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ सरकार युवाओं के लिए रोजगार अवसर भी प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार ने उपलब्ध रिक्तियों के आधार पर राज्य में उचित मूल्य की दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अगले 1–2 महीनों में इस प्रक्रिया के पूरा होने पर लगभग 7,500 राज्य निवासियों को उचित मूल्य की दुकानें/राशन डिपो संचालित करने के लिए लाइसेंस जारी किए जाएंगे, जिससे स्मार्ट कार्ड राशन योजना के तहत पंजीकृत लाभार्थियों तक गेहूं की आपूर्ति भी तेजी से हो सकेगी।

### पंजाब के परिवहन बेड़े में शामिल होंगी 1,279 नई बसें

**लोकतंत्र की शान : चंडीगढ़।** पंजाब सरकार आगामी वर्ष के दौरान रोड़वेज की बसों का बेड़ा बढ़ाएगी। वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने रविवार को बजट पेश करते हुए कहा कि महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा की योजना के अलावाहमारी सरकार अब सार्वजनिक बस सेवा को और बढ़ाने जा रही है, खासकर उन इलाकों में जहां बसें कम हैं या भीड़ ज्यादा होती है। अभी 2,267 बसें चल रही हैं और सरकार 1,279 नई बसें जोड़ने वाली है। इनमें से कुछ बसें पहले ही चल रही हैं और बाकी नवंबर 2026 तक चल जाएंगी। ये पंजाब में सर्वाधिक और सबसे बड़ा बस विस्तार होगा। वित्त मंत्री ने बताया कि पीआरटीसी को 670 नई बसें मिलेंगी और बाकी 609 बसें पनबस में शामिल होंगी। इन बसों में सुरक्षा और सुविधाएं भी बढ़ाई जाएंगी जैसे कम चलने वाले लोग और व्हीलचेयर यूजर्स आसानी से चढ़ सकें, आग लगने की चेतावनी, रात में रोशनी, एलईडी लाइट,जीपीएस और सीसीटीवी मतलब जनता को सुरक्षित और अच्छी सेवा मिलेगी।

### रेवाड़ी में बिहार के व्यक्ति ने कीटनाशक का सेवन कर की आत्महत्या

**लोकतंत्र की शान : रेवाड़ी।** जिले के कस्बा बावल में बिहार के एक व्यक्ति ने कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान मूल रूप से बिहार निवासी करीब 40 वर्षीय सुनील पंडित के रूप में हुई है। फिलहाल वह बच्चों के साथ बावल में रह रहा था। सूचना के बाद बावल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिवार को घटना की जानकारी देकर मामले की जांच शुरू कर दी है। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार सुनील पंडित बावल की एक कंपनी में काम करता था। चार साल पहले उसने बावल में मकान बनाया था। जहां वह बच्चों के साथ रह रहा था। शनिवार की रात को उसने कीटनाशक का सेवन कर लिया। जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने अस्पताल पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बावल थाना प्रभारी संजय ने बताया कि कीटनाशक के सेवन से एक व्यक्ति की मौत की सूचना मिली है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिवार को घटना की सूचना दे दी है। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रेलवे में शक्तिवॉक (वॉकथन) का आयोजन

**लोकतंत्र की शान हसन रसीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेश**








**जबलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिनांक 08 मार्च 2026 को प्रातः 07:30 बजे महाप्रबंधक कार्यालय से रेल उमंग सामुदायिक भवन, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय प्रांगण तक "शक्तिवॉक (वॉकथन)" का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज और कार्यस्थल पर महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री एस.डी. पाटीदार ने हरी झंडी दिखाकर शक्तिवॉक को रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय रेलवे में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका, उनकी बढ़ती भागीदारी तथा समाज निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उप मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री राहुल श्रीवास्तव, उप सचिव (गोपनीय) मुख्यालय श्रीमती शबाना अली खान सहित अन्य महिला वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए महिला सशक्तिकरण और समान अवसरों के महत्व पर बल दिया। इस अवसर पर उप मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री संजय कुमार, सहायक कार्मिक अधिकारी श्री डी.के. शुक्ला, श्री अभय गुप्ता, श्री सचिपति नंदन, महिला कर्मचारीगण, आरपीएफ कर्मी, स्काउट एवं गाइड के सदस्य, कल्याण निरीक्षक तथा बड़ी संख्या में कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का संदेश देते हुए सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक शक्तिवॉक में भाग लिया।

## बांध में नहा रहे युवक की जल समाधि,तीसरे दिन मिला शव

**एसडीआरएफ की टीम को मिली सफलता**

**लोकतंत्र की शान**

**सीधी।** जिले के मड़वास थाना क्षेत्र में बरचर बांध में नहाने गए दिनेश बैगा की डूबने से मौत हो गई। दो दिन तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद युवक का शव बांध में मिला। इस संबंध में मड़वास पुलिस से मिली जानकारी अनुसार ग्राम बाडिझिरिया निवासी दिनेश बैगा 27 वर्ष पिता प्रेमलाल बैगा 6 मार्च की दोपहर करीब 3 बजे बरचर बांध नहाने गया था। नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूब गया। काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों और ग्रामीणों ने उसकी तलाश शुरू की। बांध के किनारे युवक के कपड़े मिले, जिससे डूबने की आशंका हुई। मृतक के पिता प्रेमलाल बैगा ने बताया कि उन्होंने दिनेश को दोपहर में नहाने जाते देखा था, लेकिन वह वापस नहीं आया। सूचना मिलने पर मड़वास थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया। टीम ने बांध में लगातार दो दिनों तक खोजबीन की। दूसरे दिन सुबह करीब 9 बजे दिनेश का शव बांध के पानी में बरामद हुआ। मड़वास थाना प्रभारी विवेक द्विवेदी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए मड़वास अस्पताल भेजा गया है। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है और हादसे के कारणों की जांच कर रही है।



## आवारा पशु को बचाने के प्रयास में मिनी बस पलटी, 15 लोग घायल

**लोकतंत्र की शान**



**नागौर।** जिले में बापोड़-बासनी रोड पर रविवार सुबह एक मिनी बस पलटने से 15 लोग घायल हो गए। सभी लोग शादी समारोह में शामिल होने के लिए बापोड़ से नागौर आ रहे थे। हादसा सुबह बासनी पुलिया से कुछ दूरी पहले हुआ, जब अचानक सड़क पर आए आवारा पशु को बचाने के प्रयास में चालक ने वाहन मोड़ दिया और बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद घायलों को एंबुलेंस और निजी वाहनों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। इनमें से 5 घायलों को बासनी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि 10 घायलों को नागौर के जवाहरलाल नेहरू अस्पताल ले जाया गया। पीएमओ डॉ. आर.के. अग्रवाल ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही अस्पताल स्टाफ को अलर्ट मोड पर रखा गया था। घायलों को अस्पताल पहुंचते ही तत्काल उपचार शुरू कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार अस्पताल लाए गए 10 घायलों में से 8 को प्राथमिक उपचार के बाद सामान्य वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। वहीं दो घायलों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। घायलों में 5 महिलाएं और कुछ बच्चे भी शामिल बताए जा रहे हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसे में घायल सभी लोग आपस में रिश्तेदार हैं और नागौर स्थित सेवा भारती संस्थान में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे।

## चैत्र नवरात्रि को लेकर देवी मंदिरों में तैयारी शुरू

**» क्षयवती प्रतिपदा में नवसंवत्सर एवं नवरात्रारम्भ**

**लोकतंत्र की शान**

**सीधी।** चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि का क्षय होने से 19 मार्च गुरुवार से "रौद्र" नामक संवत्सर का विनियोग वर्षपर्यंत संकल्प आदि धार्मिक कृत्यों में लिया जायेगा साथ ही इस वर्ष विगत चैत्र कृष्ण पक्ष अमावस्या 19 मार्च गुरुवार को चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि का क्षय होने से क्षयवती प्रतिपदा में ही नवसंवत्सर एवं वसंतीय नवरत्राम्भ होंगे। मैहर के विद्वान ज्योतिषी पं. मोहनलाल द्विवेदी ने बताया कि 18 मार्च बुधवार की सुबह 7.39 बजे से 19 मार्च गुरुवार की सुबह 6.40 बजे तक अमावस्या तिथि इसके बाद प्रतिपदा तिथि जो अगले दिन सूर्योदय से पूर्व ही 5.24 बजे समाप्त हो जाएगी।इस प्रकार क्षयवती प्रतिपदा में ही नवसंवत्सर एवं बसंतीय नवरात्रारम्भ शास्त्र सम्मत होगा। इसी क्रम में पंचमी तिथि तथा रामराजोत्सव 23 मार्च सोमवार, निशा पूजा 25 मार्च बुधवार, महाष्टमी 26 मार्च गुरुवार एवं श्रीरामनवमी 27 मार्च शुक्रवार मनाया जाएगा।



### देवगुरु के नेतृत्व में नव संवत्सर

पंडित मोहन लाल द्विवेदी ने बताया कि इस वर्ष के राजा देवगुरु बृहस्पति तथा मंत्री का पद अग्नि के कारक मंगलदेव को प्राप्त हुआ है। आकाशीय परिषद में 10 में से 8 विभाग शुभ ग्रहों के पास जिसमें अकेले देवगुरु के पास राजा सहित तीन विभाग है जिसके फलस्वरूप वर्ष पर्यंत धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन होगे जिससे पूरे देश में पवित्र,आकर्षक एवं मनोरंजन का माहौल रहेगा । रौद्र संवत्सर के प्रभाव से अल्प वृष्टि, अनाज का उत्पादन कम, खंडवृष्टि, सरकार निष्ठुर तथा अग्नि से नुकसान की संभावना एवं संवत्सर का निवास वैश्य के घर होने से खाद्यान्न महंगे होने की संभावना बनती है।

## लिनेस क्लब ने किया महिला दिवस पर शिखर सम्मान समारोह आयोजित, पत्रकारिता के लिए ऋचा पाण्डेय सम्मानित

**» उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का हुआ सम्मान**

**लोकतंत्र की शान**



**सीधी।** महिला दिवस के अवसर पर आल इंडिया लिनेस क्लब कामाख्या सीधी द्वारा 8 मार्च को वैष्णवी गार्डन में महिला शिखर सम्मान समारोह एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया तथा क्लब की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण भी संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष लिनेस मंगला सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में फाउंडर ऑफिसर लिनेस अंजू कटारे, एरिया ऑफिसर डॉ. बीना मिश्रा सहित क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह के दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली ऋचा पांडेय, निकिता सिंह, मंजू सिंह, गुलाब कली, किरण कली एवं कौशल्या को महिला शिखर सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम में महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सर्वाइकल कैंसर पर आधारित एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया गया, जिसमें महिलाओं को इस बीमारी के लक्षण, बचाव और समय पर जांच के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर क्लब की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण भी संपन्न हुआ जिसमें डॉ. सुनीता तिवारी को अध्यक्ष, ऋचा सिंह एवं अंजू शर्मा को उपाध्यक्ष, शर्मिला सिंह को सचिव, नीलम अंसारी को संयुक्त सचिव, रचना राजे सिंह को कोषाध्यक्ष तथा रीतू सिंह को संयुक्त कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।

इसके साथ ही क्लब में टेमर के रूप में रश्मि सोनी, टेलट्विस्टर भावना भसीन तथा पीआरओ के रूप में विनीता मिश्रा एवं रेनू सिंह को जिम्मेदारी दी गई। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में अपरना त्रिपाठी, डॉ. रंजना शुक्ला, डॉ. बबीता खरे, पूनम तिवारी, पूनम द्विवेदी, नीती केशरवानी, कोमल आहूजा, सपना सिंह, प्रीति सिंह, गीतिका कटारे, उर्मिला गुप्ता, नीतू गुप्ता एवं आराधना सिंह शामिल रहीं। माइक्रो चेयरपर्सन के रूप में वर्षा सिंह, सोनम सिंह, मीनाक्षी द्विवेदी एवं आकृति द्विवेदी को दायित्व दिया गया, जबकि रेखा स्वर्णकार को चेयरपर्सन बनाया गया। वहीं क्लब में नए रूप में स्मृति दुबे, गीतिका कटारे, रीनू शुक्ला, अपर्णा तिवारी एवं डॉ. दिव्या सिंह को भी जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

## किसान मोर्चा के आई टी सेल के प्रदेश प्रभारी का दायित्व सीधी को मिलने पर खुशी का इजहार



**लोकतंत्र की शान**

**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति पर किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने अपनी टीम में सीधी जिले के संघर्षशील एवं जमीनी कार्यकर्ता प्रमोद द्विवेदी को किसान मोर्चा आईटी सेल का प्रदेश प्रभारी बनाया गया है। अपनी इस नियुक्ति पर प्रमोद द्विवेदी ने पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा सहित जिले के सांसद एवं विधायक तथा जिलाध्यक्ष सहित सभी पार्टी के शीर्ष नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस दौरान श्री द्विवेदी ने कहा कि अभी तक मुझे पार्टी द्वारा जो भी जिम्मेदारी समय समय पर सौंपी गई है उसे निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने के लिए सतत् प्रयासरत रहा हूं, अब मुझे प्रदेश टीम में शामिल किया गया है, जिसका निर्वहन भी मैं पार्टी गाइड लाइन अनुसार करता रहूंगा।

## महिला दिवस पर सीएम योगी का तोहफा, 3 लाख से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आयुष्मान कार्ड का सुरक्षा कवच

**लोकतंत्र की शान**

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति की सुरक्षा और सम्मान के लिए आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आयुष्मान कार्ड का उपहार दिया। उन्होंने पांच आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मंच पर आयुष्मान कार्ड प्रदान किए। प्रदेश में अब तक कुल 3 लाख 684 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं सहित उनके परिवारजनों को आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ प्रदान किया जा चुका है।

**आयुष्मान कार्ड का सुरक्षा कवच**–महिलाओं का सशक्तीकरण और स्वावलंबन योगी सरकार के प्रमुख एजेंडे में है। सीएम योगी ने आज मंच पर लखनऊ की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों गुड़िया सिंह, प्रियंका सिंह, सुधा अवस्थी, उमा सिंह और लालावती को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए। इस पहल के माध्यम से प्रदेश सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और उनके परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा का मजबूत सुरक्षा कवच प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री गुड़िया सिंह ने कहा- 'आयुष्मान कार्ड मिलने से हमारा आत्मविश्वास और बढ़ गया है। योगी सरकार का यह तोहफा हमारे लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इसके माध्यम से हमारे परिवार को इलाज के लिए 5 लाख रुपये तक सुरक्षा गारंटी मिली है जिसके लिए हम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हैं।' प्रदेश सरकार की इस योजना के अंतर्गत अद्यतन 75 प्रतिशत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए जा चुके हैं।


**आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का इलाज हुआ आसान**– आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को अपनी सेवा के दौरान कई मोर्चों पर लड़ना पड़ता है। ऐसे में आयुष्मान कार्ड उनको इलाज और सुरक्षा की गारंटी देता है। आयुष्मान कार्ड मिलने से आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रियंका सिंह की खुशी का ठिकाना नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की महिलाओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य को सदैव प्राथमिकता दी है। आज हम भयमुक्त होकर कहीं भी आ-जा सकते हैं। सरकार हमारे इलाज के लिए भी व्यवस्था कर रही है। गंभीर बीमारी होने पर इलाज में काफी खर्च हो जाता है। ऐसे में पांच लाख रुपये इलाज के लिए मिलना हम लोगों के लिए संजीवनी से कम नहीं है।

# नहर निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग

**» कुसमी के जूरी बांध में बनाई जा रही है नहर**

**» सीईओ जिला पंचायत से ग्रामीणों ने की घटिया निर्माण की शिकायत**

**लोकतंत्र की शान**



**सीधी।** जिले के आदिवासी अंचल कुसमी क्षेत्र में स्थित जूरी बांध की नहर निर्माण में कथित रूप से घटिया निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों ने जिला पंचायत सीईओ से शिकायत की है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम बकियां और जूरी के पास बन रही नहर में निम्न गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिसके कारण निर्माण होते ही कई जगहों पर नहर टूटने लगी है। ग्रामीणों का कहना है कि इस परियोजना की लागत करीब 65 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। इस कार्य में बांध की मरम्मत के साथ- साथ नहर और नाली निर्माण का काम शामिल है, ताकि जूरी गांव के तीन मोहल्लों सहित आसपास के गांवों के करीब 200 हेक्टेयर खेतों तक सिंचाई का पानी पहुंच सके। लेकिन निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार नहर निर्माण में सीमेंट की मात्रा कम डाली जा रही है और घटिया किस्म के रेत का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके अलावा नहर की मोटाई और गहराई भी मानक से काफी कम रखी गई है, जिसके कारण नहर में पानी रुक ही नहीं पाता और यह नाली की तरह दिखाई देती है। ग्रामीणों का कहना है कि जिसके चलते खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे किसान परेशान हैं और कई किसानों की गेहूं की बुवाई भी प्रभावित हुई है। घटिया सामग्री उपयोग को लेकर जूरी निवासी किसान अर्जुन सिंह ने बताया कि इस निर्माण कार्य की शिकायत पहले भी कई बार की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि काम सिंचाई विभाग की नहर का है, जबकि निर्माण कार्य ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के माध्यम से कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि निर्माण स्थल पर सूचना बोर्ड तक नहीं लगाया गया है, जिससे कार्य की लागत, एजेंसी और समय सीमा की जानकारी लोगों को नहीं मिल पा रही है। वहीं मजदूरों का भुगतान भी अब तक लंबित बताया जा रहा है।

### खेतों तक नहीं पहुंच पा रहा पानी

जूरी बांध से निकल रही नहर निर्माण के कार्य गुणवत्ता की अनदेखी को लेकर स्थानीय किसानों ने आरोप लगाते हुए कहा कि नहर निर्माण की जो निर्धारित गहराई एवं चौड़ाई सिंचाई विभाग द्वारा तय की गई है, उसके अनुसार निर्माण नहीं किया जा रहा है। इतना ही नहीं जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते निर्माण कार्य का जिम्मा संभालने वाले लोगों द्वारा न तो निर्धारित मानक अनुसार सीमेंट डाली जा रही है और न ही मौके पर कोई विभाग का कर्मचारी मौजूद रहता है। खास बात यह है कि जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते किसानों के खेतों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। जबकि इस नहर निर्माण से दो सैकड़ा से अधिक किसानों के खेतों में पानी पहुंचना चाहिए।

**इनका कहना है।** नहर निर्माण में गुणवत्ता को लेकर शिकायत मिली है, निर्माण कार्य में गुणवत्ता से समझौता किया गया है तो इसकी जांच कराई जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि भले ही यह सिंचाई विभाग का कार्य हो, लेकिन यदि आरईएस का नाम सामने आया है तो मामले की जांच कर गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी। शैलेंद्र सिंह सोलंकी, सीईओ जिला पंचायत सीधी।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंड के राज्यपाल के हेलिकॉप्टर में आई तकनीकी खराबी, श्रीनगर में करानी पड़ी इमरजेंसी लैंडिंग

**देहरादून**। उत्तराखंड के राज्यपाल रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह के हेलिकॉप्टर में उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी आ गई। राज्यपाल गैरसैंण जा रहे थे, जहां सोमवार से विधानसभा का सत्र शुरू होना है और पहले दिन बजट पेश किया जाना है। तकनीकी खराबी का अलर्ट मिलते ही पायलट ने तुरंत एहतियात के तौर पर यूरोकॉप्टर हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कराने का फैसला लिया। इसके बाद चॉपर को श्रीनगर स्थित जीवीके हेलीपैड पर सुरक्षित उतार लिया गया। पायलट की सूझबूझ और तत्परता के कारण एक बड़ा हादसा टल गया।



घटना के बाद राज्यपाल को सुरक्षा के बीच श्रीनगर स्थित पुलिस गेस्ट हाउस ले जाया गया, जहां वे पूरी तरह सुरक्षित हैं। राज्यपाल टिहरी से गैरसैंण जा रहे थे। राज्यपाल गुरमीत सिंह चमोली जिले के गैरसैंण जा रहे थे। सोमवार से वहां उत्तराखंड विधानसभा का सत्र शुरू होना है और पहले दिन बजट पेश किया जाना है। इसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वे हेलिकॉप्टर से चमोली के गैरसैंण के लिए रवाना हुए थे, लेकिन रास्ते में तकनीकी खराबी सामने आने के बाद श्रीनगर में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। जानकारी के अनुसार हेलिकॉप्टर जब उड़ान में था, तभी करीब डेढ़ बजे पायलट को तकनीकी खराबी का संकेत मिला। स्थिति को भांपते हुए पायलट ने तुरंत एहतियाती कदम उठाया और किसी तरह का जोखिम नहीं लिया। इसके बाद हेलिकॉप्टर को नजदीकी सुरक्षित स्थान की ओर मोड़ते हुए श्रीनगर के जीवीके हेलीपैड पर सफलतापूर्वक उतार लिया गया। पायलट की सूझबूझ से संभावित हादसा टल गया।

### राजस्थान में क्रिकेट फैंस कर रहे हवन, मंदिरों में भजन-कीर्तन, जयपुर से कमेंट्री करेंगे हरभजन

**जयपुर**। टी-20 वर्ल्ड कप का फाइनल आज भारत और न्यूजीलैंड के बीच अहमदाबाद में खेला जाएगा। इंडियन टीम की जीत के लिए राजस्थान के मंदिरों में हवन और भजन-कीर्तन किए जा रहे हैं। टीम की जीत की कामना करते हुए भक्तों ने खाटूश्याम मंदिर में तिरंगा भी चढ़ाया है। जयपुर, जोधपुर सहित कई शहरों में रेस्टोरेंट्स व होटल्स में फाइनल मैच दिखाने के लिए बड़ी स्क्रीन्स लगाई गई हैं। दिल्ली-मुंबई से बुलाए गए प्रोफेशनल एंकर्स भी इन इवेंट्स में होंगे। वहीं, मैच ने जयपुर से अहमदाबाद जाने वाली फ्लाइट्स पर भी असर डाला है। अहमदाबाद में मैच देखने और संभावित जीत के बाद होने वाली जश्न में शामिल होने के लिए भी लोग बड़ी संख्या में जयपुर से जा रहे हैं। इस कारण फ्लाइट्स की टिकट दोगुना तक बढ़ गई हैं। वहीं, पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह जयपुर के एक होटल से फाइनल मैच में कमेंट्री करेंगे। इसके लिए होटल में ही सेटअप किया गया है। इंडिया और न्यूजीलैंड के बीच अहमदाबाद में खेले जा रहे T20 वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले को लेकर फ्लाइट टिकट्स की रेट में भी बड़ा बदलाव हुआ है। जयपुर से अहमदाबाद के लिए जहां सामान्य दिनों में 7000 रुपए में फ्लाइट उपलब्ध होती थी। वहीं, आज फ्लाइट रेट की कीमत दोगुनी हो गई है। ऐसे में पैसेंजर को अहमदाबाद जाने के लिए 14000 से 15000 रुपए तक भुगतान करना पड़ रहा है। मैच के लिए नई दिल्ली से साबरमती के लिए एक तरफा सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। गाड़ी संख्या 04062 नई दिल्ली-साबरमती आरक्षित सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 7 मार्च (शनिवार) को रात 11:45 बजे नई दिल्ली से रवाना हुई। जो रविवार सुबह 4:50 बजे जयपुर पहुंची। 5:00 बजे यहां से आगे के लिए रवाना हुई। 2:30 बजे साबरमती पहुंचेगी।



### अविमुक्तेश्वरानंद बोले- किसी की औकात नहीं मुझे शंकराचार्य न माने



**वाराणसी**। 'हमारे शंकराचार्यों पर सवाल उठाने का अधिकार किसी को नहीं है। हमारे धर्म में 4 शंकराचार्य हैं। जब सर्वोच्च शंकराचार्यों ने मेरा अभिषेक कर दिया, तो फिर किसी की क्या औकात है कि वह कहे, हम इन्हें नहीं मानते। उन्होंने कहा कि जो शंकराचार्य बनाता है, उसी को हटाने का भी अधिकार है।' यह बात शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने शनिवार को जौनपुर में कही। दरअसल, शंकराचार्य ने आज काशी से "गो प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध सभा" नाम से लखनऊ के लिए यात्रा शुरू की है। वह 11 मार्च को लखनऊ पहुंचेंगे। यहां हजारों संतों की मौजूदगी में सभा करेंगे। इसमें सरकार से गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग करेंगे। काशी में शंकराचार्य ने कहा- बहुत दुर्भाग्य की बात है कि धर्म युद्ध के लिए निकलना पड़ रहा है। अपने ही देश में, अपने ही वोट से चुनी सरकार के सामने, अपनी ही गोमाता को बचाने के लिए हम लोगों को आंदोलन करना पड़ रहा है। शंकराचार्य की यात्रा में 20 से अधिक गाड़ियां हैं। 500 से अधिक श्रद्धालु साथ हैं। इस दौरान लोगों को पोस्टर बांटे गए। इनमें लिखा है- जिंदा हिंदू लखनऊ चलें। काशी में 11 बटुकों ने किया शंकराचार्य का स्वागत काशी में शंकराचार्य शनिवार सुबह 8.30 बजे मठ से निकलकर गौशाला पहुंचे। गाय की पूजा की, फिर पालकी पर सवार हुए। मठ से 300 मीटर दूर स्थित चिंतामणि गणेश मंदिर पहुंचे। यहां 11 बटुकों ने उनका स्वागत किया। फिर पूजा-अर्चना कर संकट मोचन मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने हनुमान चालीसा का पाठ किया और अपने संकल्प को दोहराया। इसके बाद शंखनाद और जयकारों के बीच अपनी वैनिटी वैन से लखनऊ के लिए रवाना हुए।

### इंदौर में मिसाइलों से उड़ा गुलाल, रंगीन हो गया आकाश

**इंदौर/उज्जैन/भोपाल/ग्वालियर/जबलपुर**। रंगपंचमी पर्व पर रविवार को मध्य प्रदेश रंगों और गुलाल से सराबोर रहा। इंदौर में टोरी कॉर्नर की गेर में तीन टैंकरों पर मिसाइलें लगाकर रंग बरसाया गया। ऑपरेशन सिंदूर की याद में टैंक से रंगीन पानी की बौछार की गई। नगर निगम की गेर में हाथी की प्रतिकृति की सूंड से रंगीन पानी लोगों पर डाला गया। इतना गुलाल उड़ा कि आकाश रंगीन नजर आने लगा। मॉरल क्लब समिति की गेर में 15 ब्लोअर मशीनें, 6 डीजे गाड़ियां, एक बड़ी बोरिंग मशीन और 6 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर अलग-अलग झांकियां चलती रहीं। संगम कॉर्नर समिति की गेर में बरसाना की टीम ने लट्ठमार होली खेली। राधा-कृष्ण की जोड़ी ने रास रचाया। युवाओं की टोली होली गीत और देशभक्ति के तरानों पर नाचती-झूमती रही। इससे पहले रंगोत्सव की शुरुआत उज्जैन में बाबा महाकाल को केसरयुक्त जल अर्पित करके की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ध्वज पूजन किया। बाबा का अभिषेक करने के बाद प्रदक्षिणा की। तलवारबाजी के जौहर भी दिखाए। फिर संतनगर की गेर में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने लोगों पर फूल और गुलाल बरसाए। होली गीतों पर दोनों हाथ उठाकर थिरकते नजर आए। उज्जैन में संत नगर की गेर में सीएम यादव के पहुंचने से पहले किसी ने पटाखा फोड़ दिया। अचानक फोड़े गए इस पटाखे की आवाज सुनकर हल्की भगदड़ की स्थिति बन गई। जमीन पर गिर जाने से एक शख्स घायल हो गया। जिसे एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा गया है।

---

### केंद्र सरकार 'सशक्त देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र' पर करेगी वेबिनार

# 1.5 लाख केयरगिवर को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार वेबिनार श्रृंखला के तहत 'सशक्त देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र : 1.5 लाख बहु-कौशल केयरगिवर का प्रशिक्षण' विषय पर विशेष ब्रेकआउट सत्र आयोजित करेगी। यह वेबिनार 'सबका साथ सबका विकास- लोगों की आकांक्षाओं की पूर्ति' विषय पर होगा। केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय ने बताया की वह इस वेबिनार को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय समन्वित करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 9 मार्च को बजट के बाद वेबिनार 2026-27 को संबोधित करेंगे।

केंद्रीय बजट 2026-27 के पैरा 54 में मजबूत केयर पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण पर जोर दिया गया है। इसके तहत वृद्धजन और संबद्ध देखभाल सेवाओं का विस्तार किया जाएगा। साथ ही राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचा के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम विकसित किए जाएंगे। इनमें देखभाल कौशल के साथ वेलनेस, योग तथा चिकित्सा और सहायक उपकरणों के संचालन जैसे कौशल भी शामिल होंगे। आने वाले वर्ष में 1.5 लाख केयरगिवर को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है।

सत्यमेव जयते
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF SKILL DEVELOPMENT & ENTREPRENEURSHIP

वेबिनार के दौरान देखभाल क्षेत्र के लिए सक्षम कार्यबल विकसित करने पर चर्चा होगी। इसका उद्देश्य देश में बढ़ती घरेलू जरूरतों को पूरा करने के साथ वैश्विक देखभाल अर्थव्यवस्था में अवसरों का लाभ उठाना भी है। मंत्रालय ने कहा कि देश की कौशल व्यवस्था को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद, सेक्टर स्किल काउंसिल, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान और राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान जैसी संस्थाएं कार्य कर रही हैं। इसके साथ प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रोत्साहन योजना और जन शिक्षण संस्थान जैसी योजनाओं के माध्यम से भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

अब तक जेरियाट्रिक केयरगिवर, होम हेल्थ एड और जनरल ड्यूटी असिस्टेंट जैसे क्षेत्रों में हजारों युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। यह संगठित देखभाल कार्यबल के निर्माण की आधारशिला है। ब्रेकआउट सत्र में स्वास्थ्य संस्थानों, राज्य सरकारों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों और शिक्षाविदों के विशेषज्ञ भाग लेंगे। इसमें केयरगिवर योग्यता के मानकीकरण, प्रशिक्षकों की क्षमता बढ़ाने, प्रशिक्षण ढांचे के विस्तार और देखभाल क्षेत्र में अप्रेंटिसशिप अवसरों को बढ़ाने जैसे विषयों पर चर्चा होगी।

वेबिनार के समापन सत्र में चर्चा से प्राप्त सुझाव प्रस्तुत किए जाएंगे। केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी समापन संबोधन देंगे और देखभाल अर्थव्यवस्था की जरूरतों को पूरा करने के लिए कौशल व्यवस्था को मजबूत करने के उपायों पर अपनी बात रखेंगे।

---

## नेपाल में हुए जेन-जी आंदोलन की जांच रिपोर्ट आयोग ने प्रधानमंत्री को सौंपी

**एजेंसी, काठमांडू**

पिछले साल 8 और 9 सितंबर को हुए जेन जी प्रदर्शन के दौरान हुई मौतों और नुकसान की जांच के लिए गठित उच्च स्तरीय आयोग ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट प्रधानमंत्री सुशीला कार्की को सौंप दी। पूर्व न्यायाधीश गौरी बहादुर कार्की के नेतृत्व वाले इस जांच आयोग की मुख्य रिपोर्ट 900 से अधिक पन्नों की बताई गई है। आयोग के सदस्य और नेपाल पुलिस के पूर्व डीआईजी विज्ञानराज शर्मा के अनुसार रिपोर्ट के साथ कई अनुसूचियां और दस्तावेज भी शामिल हैं, जिससे कुल दस्तावेज का आकार 8,000 से 10,000 पन्नों के बीच है।

रिपोर्ट सौंपने के बाद शर्मा ने कहा कि आयोग ने 8 और 9 सितंबर की घटनाओं की विस्तृत जांच की और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर अपनी राय और सिफारिशें दी हैं। उन्होंने कहा कि अब यह रिपोर्ट सरकार के पास है। शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और तत्कालीन गृह मंत्री रमेश लेखक के संबंध में आयोग की सिफारिशों का खुलासा नहीं किया। उन्होंने कहा कि आयोग ने आवश्यक कार्रवाई की सिफारिश की है, लेकिन उसे लागू करना सरकार की जिम्मेदारी है।




आयोग के सदस्य शर्मा ने बताया कि आंदोलन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में कुछ कमजोरियां भी सामने आईं। उन्होंने कहा कि जब प्रदर्शनकारी संसद भवन परिसर की ओर बढ़े, तब बैरिकेडिंग व्यवस्था में कमजोरियां साफ दिखाई दीं। आयोग ने जांच के दौरान 200 से अधिक लोगों के बयान दर्ज किए और कई विशेषज्ञों से भी राय ली। शर्मा ने कहा कि यह रिपोर्ट दोनों दिनों की घटनाओं का गहन अध्ययन करने के बाद तैयार की गई है।उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री कार्की ने रिपोर्ट प्राप्त करने के बाद आयोग का धन्यवाद दिया और आश्वासन दिया कि सरकार इस पर आवश्यक कदम उठाएगी।

---

## 7 दिन में खाड़ी देशों से लौटे 52000 भारतीय

**एजेंसी, नई दिल्ली**

विदेश मंत्रालय (MEA) ने शनिवार को पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र की स्थिति पर अपडेट देते हुए बताया कि 1 से 7 मार्च 2026 के बीच 52,000 से ज्यादा भारतीय सुरक्षित रूप से खाड़ी देशों से भारत लौटे। इसमें से 32,107 भारतीय एयरलाइंस के जरिए, बाकी लोग विदेशी कमर्शियल फ्लाइट्स और नॉन-शेड्यूल्ड फ्लाइट्स के जरिए वापस आए हैं। मंत्रालय के अनुसार, खाड़ी देशों में बिगड़ते हालात के बीच वहां फंसे भारतीयों की सहायता के लिए एक विशेष कंट्रोल रूम बनाया गया है, जो प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के सवालों का जवाब दे रहा है। MEA ने कहा कि क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों को स्थानीय प्रशासन और भारतीय दूतावास/वाणिज्य दूतावास द्वारा जारी सलाहों का पालन करने की सलाह दी गई है। विभिन्न देशों में स्थित भारतीय मिशनों ने 24×7 हेल्पलाइन भी शुरू की हैं। मंत्रालय के बयान के अनुसार, हाल के दिनों में क्षेत्रीय हवाई क्षेत्र आंशिक रूप से खुलने के बाद भारतीय और विदेशी एयरलाइंस कमर्शियल और स्पेशल फ्लाइट्स संचालित कर रही हैं। आने वाले दिनों में और उड़ानें संचालित करने की योजना है।



## सीएम ममता के धरने का तीसरा दिन, बोलीं- बीजेपी पर एक देश, एक नेता-एक पार्टी का पागलपन सवार

**एजेंसी, कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का धरना रविवार को तीसरे दिन भी जारी है। TMC सुप्रीमो ने चुनाव आयोग को वैनिश कमीशन कहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि BJP 'इलेक्टोरल रोल से सही वोटर्स के नाम हटाने के लिए वैनिश कमीशन का गलत इस्तेमाल' कर रही है। उनका यह कमेंट ऐसे दिन आया है जब चुनाव आयोग की पूरी बेंच राज्य विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव की तैयारियों का रिव्यू करने के लिए कोलकाता आने वाली है। ममता ने कहा - एक देश, एक नेता, एक पार्टी के पागलपन में, BJP ने जन-विरोधी इच्छाओं को पूरा करने के लिए हर लोकतांत्रिक संस्था और संवैधानिक पद को सिस्टमैटिक तरीके से हथियार बना लिया है। बनर्जी ने दावा किया कि BJP का आखिरी मकसद बाबासाहेब अंबेडकर के बनाए गए संविधान को अपने पार्टी मैनिफेस्टो से बदलना है।



ममता ने राज्य में स्पेशल इंटेंसिव रिविजिन (SIR) में वोटर लिस्ट से नाम हटाने के विरोध में 6 मार्च दोपहर 2 बजे से कोलकाता के एस्प्लेनेड मेट्रो चैनल पर धरना शुरू किया है।

**SIR की फाइनल वोटर लिस्ट में क्या-क्या है**: 28 फरवरी को जारी ऑफिशियल डेटा के मुताबिक पिछले साल नवंबर में SIR प्रोसेस शुरू होने के बाद से अब तक 63.66 लाख नाम, यानी वोटर्स का करीब 8.3 परसेंट, हटा दिए गए हैं, जिससे वोटर्स की संख्या करीब 7.66 करोड़ से घटकर 7.04 करोड़ से थोड़ी ज़्यादा रह गई है। इसके अलावा, 60.06 लाख से ज़्यादा वोटर्स को अंडर एडजुडिकेशन कैटेगरी में रखा गया है, जिसका मतलब है कि आने वाले हफ्तों में उनकी एलिजिबिलिटी कानूनी जांच के जरिए तय की जाएगी, यह एक ऐसा प्रोसेस है जो चुनाव क्षेत्र के चुनावी समीकरणों को और बदल सकता है।

---

# कमल हासन ने ट्रम्प से कहा अपने काम से काम रखो

### ओपन लेटर में लिखा- भारत आजाद देश, अब हम विदेशी सरकारों का हुकुम नहीं मानते

**एजेंसीनई दिल्ली**

कमल हासन ने हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लिए एक ओपन लेटर लिखकर, उन्हें अपने देश पर ध्यान देने की नसीहत दी है। कमल हासन ने दबे शब्दों में डोनाल्ड ट्रम्प की उस नसीहत पर तंज कसा है, जिसमें उन्होंने भारत को रशिया से तेल लेने की छूट दी है। कमल हासन ने आधिकारिक X अकाउंट (पहले ट्वविटर) से लिखा है, 'सेवा में, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प। माननीय राष्ट्रपति जी, हम भारत के लोग एक आजाद और अपने फैसले खुद लेने वाले देश के नागरिक हैं। अब हम किसी दूसरे देश से ऑर्डर नहीं लेते। कृपया अपने काम से काम रखें। देशों के बीच आपसी सम्मान ही दुनिया में शांति बनाए रखने का सही तरीका है। हम आपके देश और वहां के लोगों के लिए शांति और तरक्की की कामना करते हैं। कमल हासन- एक प्राउड भारतीय नागरिक। संस्थापक- मक्कल नीधि माइअम।'



**क्या है पूरा मामला?**: मिडिल-ईस्ट में जंग के कारण स्थिति काफी गंभीर हो गई है। ईरान ने 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' को ब्लॉक कर दिया है, जहां से दुनिया की 20% तेल सप्लाई होती है। ऐसे में भारत में भी तेल के दाम बढ़ने का अनुमान था। इसी बीच भारत को 3 अप्रैल तक रूस से कच्चा तेल खरीदने की शर्तों के साथ छूट मिल गई है। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने बताया कि राष्ट्रपति ट्रम्प के ऊर्जा एजेंडे के तहत यह अस्थायी कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि भारत अमेरिका का एक महत्वपूर्ण पार्टनर हैं और ग्लोबल मार्केट में तेल की सप्लाई को स्थिर रखने के लिए यह छूट दी गई है।

### समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली गौरी एवं अनीता सम्मानित

**मुरादाबाद**। हिब्यूटीफुल लेडीज क्लब द्वारा रविवार को मुरादाबाद क्लब में होली उत्सव के साथ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु गौरी जैन एवं अनीता श्रीवास्तव को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. पीएल श्रीधर, विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल रहीं।

क्लब की अध्यक्ष डा. संगीता मदान ने कहा कि महिलाएं आज समाज की रीढ़ हैं और भविष्य निर्माण में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। क्लब संस्थापक डा. बबीता गुप्ता ने कहा कि 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाते हुए 100 से अधिक वर्ष बीत चुके हैं। प्रिया अग्रवाल ने कहा कि आज समाज के लगभग सभी क्षेत्रों में महिलाएं अपनी प्रतिभा और परिश्रम से नई-नई उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में क्लब की सचिव डा. गरिमा गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही। डा. प्रियाल एवं डा. प्रीना ने संचालन किया।

## इजराइल का बेरूत में हमला, ईरानी कुद्स फोर्स के लेबनान कॉर्प्स के कमांडर मारे गए

**एजेंसी, तेहरान/बेरूत/ तेल अवीव/ वाशिंगटन**

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जंग के नौवें दिन तक युद्ध की लपटें फारस के खाड़ी देशों तक पहुंच चुकी है। इजराइल को आज (रविवार) सुबह ईरान पर किए गए जबरदस्त हमले का मिसाइलों से जवाब मिला है। इजराइल ने लेबनान में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के कुद्स फोर्स के लेबनान कॉर्प्स के कमांडरों को मार गिराने का दावा किया है। सीबीएस न्यूज, फॉक्स न्यूज और सीएनएन की रिपोर्ट्स के अनुसार, इस जंग में अमेरिका और इजराइल के सैन्य अभियान में ईरान को अब तक सबसे बड़ी कीमत चुकानी पड़ी है। देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और उनके परिवार के अधिकांश सदस्यों समेत आला सैन्य अफसर मारे जा चुके हैं। युद्ध की लपटों से फारस की खाड़ी के देश झुलस रहे हैं। अमेरिका के भी छह सैन्य अफसरों की मौत हो चुकी है। इज़राइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने आज सुबह कहा कि ईरान में हमलों की एक नई लहर शुरू की गई है। सेना ने ईरानी सरकार के प्रमुख स्थलों को निशाना बनाया है। आईडीएफ ने उसके हमले के बाद ईरान से इजराइल की ओर मिसाइलें दागी गई हैं। देश की रक्षा प्रणाली (बहु-स्तरीय सुरक्षा कवच) इस खतरे को रोकने के लिए काम कर रही है।

आईडीएफ ने कहा कि ईरान पर हमले से कुछ देर पहले बेरूत में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के कुद्स फोर्स के लेबनान कॉर्प्स के कमांडरों को निशाना बनाकर मिसाइलें दागी गईं। इस हमले में चार कमांडर मारे गए।लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि यह हमला बेरूत के प्रसिद्ध पर्यटन क्षेत्र में एक होटल पर हुआ। हमले में चार लोग मारे गए। मंत्रालय ने बयान में यह साफ नहीं किया कि मारे गए लोगों में कमांडर हैं या अन्य लोग।

इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह ईरान के शीर्ष रक्षा अधिकारी अली लारीजानी की धमकी की परवाह नहीं करते। लारीजानी लंबे समय तक खामेनेई के भरोसेमंद रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि लारीजानी को मालूम होना चाहिए कि खामेनेई के मारे जाने के बाद ईरान पहले ही हार चुका है।

---

# बाल विवाह मुक्ति रथ ने की 66,344 गांवों की यात्रा, देश को किया जागरूक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देशभर में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से निकले 'बाल विवाह मुक्ति रथ' की 28 राज्यों में यात्रा का अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर समापन हुआ। पिछले एक महीने में इस रथ ने 6,79,077 किलोमीटर की यात्रा कर 28 राज्यों, 439 जिलों और 66,344 गांवों से होते हुए कुल 5,22,68,033 लोगों तक बाल विवाह मुक्त भारत का संदेश पहुंचाया। बाल विवाह के खिलाफ केंद्र सरकार के 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान को मजबूती देने के लिए बाल संरक्षण और बाल अधिकारों के क्षेत्र में कार्यरत नागरिक समाज संगठन जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन ने देशभर में 500 से अधिक बाल विवाह मुक्ति रथ सड़कों पर उतारे। इन रथों ने देश के कोने-कोने में जाकर बाल विवाह से जुड़े कानूनों और खास तौर से लड़कियों पर इसके दुष्प्रभावों के बारे में जनसमुदाय को जागरूक किया।

जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन की सीनियर एडवाइजर (पॉलिसी) ज्योति माथुर ने पत्रकारों को बताया, "यह रथ केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि न्याय का वाहक है। यह जनसमुदाय तक कानून, संरक्षण और जवाबदेही का संदेश लेकर जाता है, ताकि सरकार की मंशा जमीन पर वास्तविक सुरक्षा में तब्दील हो सके। इस अभियान में शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व और प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर शिक्षाविदों और महिला भुक्तभोगियों तक सभी ने उत्साह से भागीदारी की। खास तौर पर जमीनी स्तर के महिला नेतृत्व का अग्रिम मोर्चे से इस संदेश को आगे ले जाते देखना बेहद प्रेरक रहा। ऐसी व्यापक भागीदारी और तात्कालिकता के साथ हमें विश्वास है कि भारत 2030 की वैश्विक समयसीमा से पहले ही बाल विवाह जैसे अपराध से मुक्त हो जाएगा।" उन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय की एक हालिया रिपोर्ट का जिक्र करते हुए कहा, "हमारा हौसला बढ़ाने वाली बात यह है कि दुनिया अब उसे स्वीकार कर रही है जो हम एक दशक से कह रहे हैं कि बाल विवाह दरअसल हमारे बच्चों से बलात्कार है और इसे उसी रूप में देखा और समझा जाना चाहिए।" जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन ने अपने सहयोगी संगठनों, स्थानीय प्रशासन, कानून लागू करने वाली एजेंसियों, सामुदायिक नेताओं व बाल विवाह में सेवाएं प्रदान करने वाले बैंड बाजा, घोड़ी, सजावट, डीजे व व खाना बनाने वाले कैटर्रस के समन्वित प्रयासों से पिछले एक वर्ष में ही देशभर में 1,98,628 बाल विवाह रुकवाए हैं।

JUST RIGHTS FOR CHILDREN

उल्लेखनीय है कि 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के साल भर पूरा होने के अवसर पर केंद्र सरकार के 100 दिवसीय गहन अभियान को सफल बनाने के लिए जेआरसी 'बाल विवाह मुक्ति रथ' यात्रा की शुरुआत की थी। पोस्टरों, प्रभावशाली नारों, लाउडस्पीकर और बाल विवाह के खिलाफ शपथ के लिए बोर्ड से सुसज्जित यह रथ उन दूरदराज और हाशिए पर रहने वाले समुदायों तक पहुंचने के लिए तैयार किया गया था। जहां बेहतर सड़कों वाले इलाकों में चार पहिया वाहनों के माध्यम से यह अभियान पहुंचा, वहीं दूरदराज के गांवों तक मोटरसाइकिल और साइकिल कारवां के जरिए संदेश पहुंचाया गया। इस यात्रा के दौरान बाल विवाह मुक्ति रथ ने पंचायतों, जिला प्रशासन, बाल विवाह निषेध अधिकारियों और प्रशासनिक अमले के साथ मिलकर जनता को जागरूक किया और बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई।

# मिडिल ईस्ट में बढ़ता युद्ध संकट -ईरान का बड़ा ऐलान:ट्रंप को दी अकेला न छोड़ने की खुली धमकी ! इजरायल क़ा बयान, ईरानी नए सर्वोच्च नेता के चयन में शामिल लोग बनेंगे निशाना -एक समग्र विश्लेषण



लोकतंत्र की शान

» विश्व समुदाय के सामने सबसे बड़ी चुनौती- युद्ध के रास्ते को छोड़कर शांति और कूटनीति का मार्ग अपनाने के लिए सभी पक्षों को प्रेरित करे

» ईरान-अमेरिका-इजरायल टकराव और संभावित वैश्विक परिणाम- बढ़ता टकराव दुनियाँ को उस मोड़ पर ले जा सकता है जहाँ से वापस लौटना कठिन हो जाएगा? -एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र







**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर मध्य- पूर्व एक बार फिर उस ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा दिखाई दे रहा है जहाँ क्षेत्रीय संघर्ष वैश्विक संकट का रूप ले सकता है।हाल के घटनाक्रमों में ईरान,इजराइल और यूनाइटेड स्टेट्स के बीच बढ़ते सैन्य टकराव ने न केवल पश्चिम एशिया बल्कि पूरे विश्व की शांति और सुरक्षा को गंभीर चुनौती दे दी है। विशेष रूप से ईरान के सर्वोच्च नेता खामनेई की मौत के बाद उभरी प्रतिशोध की राजनीति और तीखी सैन्य बयान बाजी ने हालात को और अधिक विस्फोटक बना दिया है।खामेनेई की मौत के बाद ईरान में प्रतिशोध की भावना अत्यधिक तीव्र हो गई है। ईरान के सुरक्षा प्रतिष्ठान से जुड़े नेताओं और पूर्व कमांडरों ने खुले शब्दों में यह घोषणा की है कि इस घटना का बदला लिया जाएगा।विशेष रूप सेइस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के पूर्व कमांडरों ने सीधे तौर पर अमेरिकी नेतृत्व को निशाना बनाते हुए कहा है कि ईरान अपने नेता के खून का हिसाब अवश्य लेगा।खामेनेई की मौत के बाद इजरायल की ओर से यह बयान देना कि नए सर्वोच्च नेता के चयन में शामिल लोगों को भी निशाना बनाया जा सकता है,यह दर्शाता है कि इजरायल इस संघर्ष को केवल सैन्य अभियान तक सीमित नहीं बल्कि राजनीतिक संरचना को प्रभावित करने की रणनीति के रूप में देख रहा है।ट्रंप ने ईरान की चेतावनियों को पूरी तरह खारिज करते हुए कहा कि उन्हें इन धमकियों से कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान पहले ही इस युद्ध को हार चुका है और जब तक तेहरान बिना शर्त आत्मसमर्पण नहीं करता, तब तक अमेरिकी सैन्य कार्रवाई जारी रहेगी।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि यदि इस संघर्ष को समय रहते कूटनीतिक उपायों से नियंत्रित नहीं किया गया,तो यह केवल क्षेत्रीय युद्ध तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि विश्व- व्यापी अस्थिरता का कारण बन सकता है।इस पूरे संघर्ष का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इसमें परमाणु हथियारों के उपयोग की आशंका से पूरी तरह इनकार नहीं किया जा सकता। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय समुदाय में चिंता रही है। वहीं इजरायल के पास पहले से ही परमाणु हथियार होने की संभावना मानी जाती है,हालांकि उसने कभी आधिकारिक रूप से इसकी पुष्टि नहीं की है।यदि यह संघर्ष पूर्ण युद्ध में बदलता है और इसमें परमाणु हथियारों का प्रयोग होता है, तो इसके परिणाम केवल मध्य-पूर्व तक सीमित नहीं रहेंगे बल्कि पूरी दुनिया पर गंभीर प्रभाव डाल सकते हैं।इतिहास में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद परमाणु हथियारों का प्रयोग नहीं हुआ है। लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में यदि क्षेत्रीय युद्ध नियंत्रण से बाहर हो जाता है तो यह संभावना भी पूरी तरह से नकारा नहीं जा सकता। साथियों बात अगर हम खामेनेई की मौत और बदलती शक्ति- राजनीति को समझने की करें तो,हालिया घटनाओं में सबसे बड़ा झटका ईरान के सर्वोच्च नेता की मौत को माना जा रहा है।खामेनेई ईरान की राजनीति, धार्मिक नेतृत्व और सैन्य रणनीति के केंद्र में रहे थे। उनकी मृत्यु केवल एक नेता की मृत्यु नहीं बल्कि ईरान की राजनीतिक संरचना में एक बड़े परिवर्तन का संकेत भी है।खामेनेई की मौत के बाद ईरान के भीतर सत्ता संरचना को स्थिर बनाए रखना एक बड़ी चुनौती बन गया है। ईरान का संविधान सर्वोच्च नेता के चयन की प्रक्रिया को स्पष्ट रूप से निर्धारित करता है,जिसके तहत 88 सदस्यीय विशेषज्ञ परिषद नए नेता का चयन करती है। यह परिषद धार्मिक विद्वानों और वरिष्ठ राजनीतिक नेताओं से मिलकर बनी होती है। इस परिषद का निर्णय केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं बल्कि राजनीतिक और सैन्य दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण होता है।खामेनेई की मौत के बाद इस परिषद ने नए सर्वोच्च नेता के चयन की प्रक्रिया को तेज कर दिया है।किंतु इस बीचइजरायल की ओर से यह चेतावनी दी गई है कि जो भी व्यक्ति ईरान के नए सर्वोच्च नेता के रूप में उभरेगा या चयन प्रक्रिया में शामिल होगा, उसे भी निशाना बनाया जा सकता है। यह बयान क्षेत्रीय तनाव को और अधिक भड़काने वाला माना जा रहा है। साथियों बात अगर हम ईरान की चेतावनी व ट्रंप कीप्रतिक्रिया और अमेरिकी रणनीति को समझने की करें तो, इस संदर्भ में ईरान के एक प्रमुख नेता ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को सीधे चेतावनी देते हुए कहा कि उन्हें उनके कार्यों की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान ट्रंप को कभी अकेला नहीं छोड़ेगा और उनके खिलाफ कार्रवाई जारी रखेगा। यह बयान केवल व्यक्तिगत धमकी नहीं बल्कि एक व्यापक रणनीतिक संकेत माना जा रहा है कि ईरान इस संघर्ष को दीर्घकालिक प्रतिशोध के रूप में देख रहा है।ईरान के भीतर यह धारणा मजबूत हो रही है कि अमेरिका और इजरायल ने मिलकर उसके सर्वोच्च नेता को निशाना बनाया है। इस कारण वहां जनता और सैन्य नेतृत्व के बीच प्रतिशोध की भावना और भी अधिक तीव्र हो गई है। इन धमकियों पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने अत्यंत कठोर प्रतिक्रिया दी है, ट्रंप का यह बयान अमेरिकी रणनीति को स्पष्ट करता है।अमेरिका लंबे समय से ईरान के परमाणु कार्यक्रम और क्षेत्रीय प्रभाव को सीमित करने की नीति अपनाता रहा है। अमेरिकी प्रशासन का मानना है कि यदि ईरान को अभी नहीं रोका गया तो वह मध्य-पूर्व में अपनी सैन्य और राजनीतिक ताकत को इतना मजबूत बना सकता है कि भविष्य में उसे नियंत्रित करना कठिन हो जाएगा।इसी कारण अमेरिका ने इजरायल के साथ मिलकर कई सैन्य अभियानों को अंजाम दिया है,जिनका उद्देश्य ईरान की सैन्य क्षमताओं और उसके परमाणु कार्यक्रम को सटीक रूप से कमजोर करना बताया जाता है। साथियों बात अगर हम इस्लामिक देशों और वैश्विक प्रतिक्रिया को समझने की करें तो ईरान के खिलाफ हुए हमलों और खामेनेई की मौत के बाद कई इस्लामिक देशों में तीखी प्रतिक्रियाएँ देखने को मिल रही हैं। कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन हुए हैं और अमेरिका तथा इजरायल के खिलाफ नाराजगी बढ़ती दिखाई दे रही है।यदि यह विरोध व्यापक राजनीतिक आंदोलन में बदलता है तो इससे कई देशों की आंतरिक राजनीति भी प्रभावित हो सकती है। साथ ही इससे वैश्विक स्तर पर अमेरिका और उसकेसहयोगियों के प्रति असंतोष बढ़ सकता है। कूटनीति की आवश्यकताइन परिस्थितियों में सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या इस युद्ध को रोका जा सकता है। इतिहास बताता है कि जब भी संघर्ष चरम पर पहुंचता है, तब कूटनीतिक प्रयास ही स्थायी समाधान का रास्ता बनते हैं।संयुक्त राष्ट्र, यूरोपीय संघ, रूस, चीन और अन्य प्रमुख शक्तियाँ यदि सक्रिय कूटनीतिक पहल करें तो संभव है कि इस संघर्ष को नियंत्रित किया जा सके। युद्ध की आग को शांत करने के लिए संवाद, मध्यस्थता और अंतरराष्ट्रीय दबाव जैसे उपाय अत्यंत आवश्यक हैं। साथियों बात अगर हम मध्य- पूर्व में बढ़ती सैन्य गतिविधियों को समझने की करें तो,हाल के दिनों में तेहरान के पास स्थित तेल उत्पादन और प्रसंस्करण इकाइयों पर मिसाइल हमले इस संघर्ष के सैन्य आयाम को और अधिक स्पष्ट करते हैं। इन हमलों से ईरान के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है,जो उसकीअर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमला केवल सैन्य रणनीति नहीं बल्कि आर्थिक दबाव बनाने का भी प्रयास होता है।यदि ईरान की ऊर्जा उत्पादन क्षमता प्रभावित होती है तो उसकी अर्थव्यवस्था कमजोर होगी और युद्ध जारी रखने की उसकी क्षमता भी प्रभावित हो सकती है।हालांकि ऐसे हमले वैश्विक ऊर्जा बाजारों को भी प्रभावित कर सकते हैं क्योंकि मध्य -पूर्व विश्व के सबसे बड़े तेल उत्पादक क्षेत्रों में से एक है।इजरायल के प्रधानमंत्री लंबे समय से यह कहते रहे हैं कि ईरान इजरायल के अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा है।इजरायल का आरोप है कि ईरान क्षेत्र में कई सशस्त्र संगठनों को समर्थन देता है, जिनमें लेबनान का हिजबुल्लाह और गाजा के कई संगठन शामिल हैं।इजरायल का मानना है कि यदि ईरान परमाणु हथियार विकसित करने में सफल हो जाता है तो यह पूरे क्षेत्र की सुरक्षा को खतरे में डाल देगा। इसी कारण इजरायल ने कई बार ईरान के सैन्य ठिकानों और परमाणु सुविधाओं को निशाना बनाने की चेतावनी दी है।

साथियों बात अगर हम भारत सहित विश्व के लिए संभावित प्रभाव को समझने की करें तो यदि यह संघर्ष लंबे समय तक चलता है तो इसका प्रभाव केवल मध्य-पूर्व तक सीमित नहीं रहेगा। तेल की कीमतों में भारी वृद्धि,वैश्विक व्यापार में बाधा और सुरक्षा संकट जैसे परिणाम सामने आ सकते हैं।भारत जैसे देशों के लिए यह विशेष रूप से चिंताजनक होगा क्योंकि भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा मध्य-पूर्व से आयात करता है। साथ ही इस क्षेत्र में लाखों भारतीय काम करते हैं, जिनकी सुरक्षा भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन सकती है।मध्य-पूर्व लंबे समय से भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा और वैचारिक संघर्ष का केंद्र रहा है। इस क्षेत्र में ऊर्जा संसाधनों की प्रचुरता, धार्मिक-सांस्कृतिक विविधता और वैश्विक शक्तियों के रणनीतिक हितों ने इसे लगातार संघर्षों का मैदान बनाया है।ईरान और इजरायल के बीच दशकों से चली आ रही शत्रुता इस संघर्ष की प्रमुख धुरी है।ईरान स्वयं को इस्लामी क्रांति का प्रतिनिधि मानता है और पश्चिमी प्रभाव का विरोध करता रहा है, जबकि इजरायल अपने अस्तित्व और सुरक्षा कोसर्वोपरि मानते हुए किसी भी संभावित खतरे को समाप्त करने की नीति अपनाता रहा है।अमेरिका का इस समीकरण में प्रवेश इस पूरे संकट को और अधिक जटिल बना देता है। अमेरिका लंबे समय से इजरायल का रणनीतिक सहयोगी रहा है और मध्य-पूर्व में उसकी सैन्य तथा राजनीतिक उपस्थिति अत्यंत प्रभावशाली रही है। परिणाम स्वरूप जब भी ईरान और इजरायल के बीच तनाव बढ़ता है, अमेरिका अप्रत्यक्ष या प्रत्यक्ष रूप से इसमें शामिल हो जाता है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क़ि मध्य-पूर्व में उभरता यह संघर्ष केवल तीन देशों के बीच की लड़ाई नहीं बल्कि वैश्विक शक्ति-राजनीति का प्रतिबिंब है। ईरान, इजराइल और यूनाइटेड स्टेट्स के बीच बढ़ता टकराव दुनिया को उस मोड़ पर ले जा सकता है जहाँ से वापस लौटना कठिन हो जाए।खामेनेई की मौत, ईरान की प्रतिशोध की चेतावनी,ट्रंप की कठोर प्रतिक्रिया और इजरायल की आक्रामक रणनीति,ये सभी घटनाएँ मिलकर एक ऐसे संकट को जन्म दे रही हैं जिसकी गूंज पूरी दुनिया में सुनाई दे रही है।ऐसे समय में विश्व समुदाय के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि वह युद्ध के रास्ते को छोड़कर शांति और कूटनीति का मार्ग अपनाने के लिए सभी पक्षों को प्रेरित करे। यदि ऐसा नहीं हुआ तो इतिहास एक बार फिर मानवता को यह याद दिला सकता है कि युद्ध की आग जब भड़कती है तो वह सीमाओं को नहीं पहचानती।

**-संकलनकर्ता लेखक - क़र विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र 9284141425**

# यूपीएससी सफलता और बनाई हुई कहानियाँ



लेखिका- डॉ. प्रियंका सौरभ

कई अभ्यर्थी वास्तव में गाँवों या साधारण परिवारों से आते हैं और अपनी कहानी इसलिए साझा करते हैं ताकि दूसरे युवाओं को प्रेरणा मिल सके। भारत में ऐसे अनेक सफल अधिकारी हैं जिनकी जड़ें छोटे कस्बों और ग्रामीण परिवेश से जुड़ी रही हैं। उनकी सफलता यह संदेश देती है कि सीमित संसाधनों के बावजूद मेहनत और लगन से बड़ी उपलब्धियाँ हासिल की जा सकती हैं। हालाँकि, सामाजिक माध्यमों के इस दौर में एक अलग प्रवृत्ति भी देखने को मिलती है। कुछ लोग अपनी छवि गढ़ने के लिए "किसान का बेटा" या "गाँव से आया लड़का या लड़की" जैसी पहचान को अधिक उभारकर प्रस्तुत करते हैं। कई बार इसका उद्देश्य सहानुभूति अर्जित करना, अपनी कहानी को अधिक प्रेरणादायक बनाकर प्रस्तुत करना या समाचार माध्यमों और सामाजिक माध्यमों में अधिक ध्यान आकर्षित करना भी होता है। भारत में संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा केवल एक परीक्षा नहीं है, बल्कि यह लाखों युवाओं के सपनों, संघर्षों और आकांक्षाओं का प्रतीक है। हर वर्ष देशभर से लाखों अभ्यर्थी इस परीक्षा में बैठते हैं और उनमें से कुछ सौ लोग ही अंततः प्रशासनिक सेवा में स्थान प्राप्त कर पाते हैं। इसलिए जो लोग इस कठिन परीक्षा में सफल होते हैं, वे स्वाभाविक रूप से समाज में चर्चा और सम्मान का विषय बन जाते हैं। समाचार माध्यम, सामाजिक माध्यम और आम समाज उनके जीवन की कहानी जानने के लिए उत्सुक रहते हैं। पिछले कुछ वर्षों में एक दिलचस्प और कभी-कभी चिंताजनक प्रवृत्ति भी देखने को मिली है। कई बार ऐसा प्रतीत होता है कि शहरों की समृद्ध पृष्ठभूमि में पले-बढ़े कुछ सफल अभ्यर्थी अचानक अपनी पहचान को "किसान पुत्र", "गाँव का बेटा" या "ग्रामीण पृष्ठभूमि" के रूप में प्रस्तुत करने लगते हैं। यह प्रवृत्ति केवल व्यक्तिगत पहचान का प्रश्न नहीं है; यह उस व्यापक सामाजिक-मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया को भी उजागर करती है, जिसमें लोकप्रियता और सहानुभूति प्राप्त करने के लिए अपनी कहानी को विशेष तरीके से प्रस्तुत किया जाता है। यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि आखिर ऐसा क्यों होता है? क्या यह केवल प्रेरणा देने का प्रयास है या फिर लोकप्रियता हासिल करने की एक रणनीति? इस प्रश्न का उत्तर सरल नहीं है, क्योंकि इसके पीछे कई सामाजिक, सांस्कृतिक और माध्यम-संबंधी कारण छिपे हुए हैं। भारतीय समाज में संघर्ष की कहानियाँ हमेशा से अत्यधिक सम्मानित रही हैं। जब कोई व्यक्ति कठिन परिस्थितियों से निकलकर बड़ी सफलता हासिल करता है, तो वह कहानी लाखों लोगों को प्रेरित करती है। यही कारण है कि समाचार माध्यम अक्सर ऐसे उदाहरणों को प्रमुखता से प्रस्तुत करते हैं, जहाँ कोई अभ्यर्थी सीमित संसाधनों, आर्थिक कठिनाइयों या ग्रामीण पृष्ठभूमि के बावजूद सफलता प्राप्त करता है। इसमें कोई संदेह नहीं कि ऐसी कहानियाँ समाज के लिए सकारात्मक भूमिका निभाती हैं। वे युवाओं को यह विश्वास दिलाती हैं कि परिस्थितियाँ चाहे जैसी भी हों, मेहनत और दृढ़ संकल्प से सफलता हासिल की जा सकती है। भारत जैसे देश में, जहाँ आज भी ग्रामीण और शहरी अवसरों के बीच बड़ा अंतर मौजूद है, ऐसी कहानियाँ उम्मीद और प्रेरणा का स्रोत बनती हैं। लेकिन समस्या तब उत्पन्न होती है जब वास्तविकता से अधिक आकर्षक या भावनात्मक कहानी प्रस्तुत करने का दबाव बढ़ जाता है। सामाजिक माध्यमों के इस दौर में हर व्यक्ति अपनी कहानी को इस तरह प्रस्तुत करना चाहता है कि वह अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचे और उन्हें प्रभावित करे। इस प्रक्रिया में कभी-कभी वास्तविक पृष्ठभूमि की जटिलता को सरल और भावनात्मक कथा में बदल दिया जाता है। आज के समय में समाचार माध्यम और सामाजिक माध्यम किसी भी व्यक्ति की छवि बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एक सफल अभ्यर्थी की कहानी कुछ ही घंटों में पूरे देश में फैल सकती है।

# कहां से पैदा हो रही है यह खूनी नफरत की मानसिकता



लेखक - मनोज कुमार अग्रवाल

यह कौन सा असहिष्णुता अराजकता और वहशियत भरी सोच का नतीजा है जो रंग की दो छींट पड़ जाने पर उस होनहार नवयुवक के खून से होली खेलते हैं जिसका कोई कुसूर भी नही था जिसने कोई रंग भी नही डाला था जो दिन में घटित छोटी सी नोंकझोंक से अनजान था और होली की शाम अपने घर लौट रहा था लेकिन नफरती पडोसियों ने उस का निरीह कत्ल कर दिया। आपको बता दें कि जब 4 मार्च पूरा देश होली के रंगों में डूबा हुआ था, वहीं भारत की राजधानी दिल्ली खूनी होली में डूबी हुई थी। दिल्ली के उत्तम नगर इलाके में होली के मौके पर हुए एक छोटे से झगड़े ने हिंसक रूप ले लिया। जानकारी के मुताबिक, होली के दौरान 10 साल के बच्चे के गुब्बारा फेंकने को लेकर दो समुदाय में बहस हो गई। देखते ही देखते यह झगड़ा हिंसा तक पहुंच गया और मुस्लिम समुदाय के 10 से 15 लोगों ने एक हिंदू घर को निशाना बनाया और उनके बेटे की बेरहमी से हत्या कर दी। आपको बता दें कि उत्तम नगर में बुधवार की रात होली खेल रही 11 साल की बच्ची को नहीं मालूम था कि वह अपने परिवार के सदस्य पर जो पानी का गुब्बारा फेंक रही है, उसके छींटे किसी को इतने नागवार गुजरेंगे कि वह इलाके में सांप्रदायिक तनाव का कारण बन जाएंगे। उसे नहीं पता था कि वह गुब्बारा उसके परिवार के लिए तेजाब की तरह साबित होगा, जिसकी चपेट में उसका पूरा परिवार आ जाएगा। उसे यह भी नहीं मालूम था कि उस गुब्बारे से निकले पानी की वजह से परिवार ना केवल एक अनचाहे विवाद में पड़ जाएगा, बल्कि उसके परिवार के 26 साल के युवक तरुण की जान भी चली जाएगी। हम बात कर रहे हैं, शहर के उत्तम नगर की जेजे कॉलोनी में होली की रात हुए एक ऐसे विवाद की, जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है।विवाद की शुरुआत एक महिला पर रंग वाले पानी के छींटे लगने से हुई। उस लड़की ने अपने घर के नीचे खड़े अपने रिश्तेदारों पर एक पानी का गुब्बारा फेंका था, जो सड़क पर जा गिरा और फट गया, जिसके बाद रंगीन पानी के कुछ छींटे पड़ोस में रहने वाले दूसरे समुदाय की एक महिला को जा लगे। जिसके बाद हुए विवाद में हिंदू परिवार के युवक की जान चली गई। इस मामले में पुलिस ने शुक्रवार को चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया, साथ ही एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया। जबकि घटना में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। साथ ही व्याप्त तनाव को देखते हुए पुलिस कोई कोताही नहीं बरत रही है और अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात करते हुए इलाके में कड़ी सुरक्षा की गई है।दरअसल गुब्बारे में भरे पानी के छींटे लगने के बाद पड़ोस में रहने वाली वह महिला ना केवल भड़क गई, बल्कि उसने गंदी-गंदी गालियां देकर विवाद करना शुरू कर दिया। इसी दौरान उसने अपने परिजनों व अपने समुदाय के अन्य लोगों को बुला लिया और होली खेल रहे परिवार पर हमला किया। इस दौरान आरोपियों ने वहां मारपीट करते हुए जमकर तोड़फोड़ भी की। पीड़ित परिवार ने जैसे-तैसे अपने आप को घर के अंदर बंद करते हुए उनसे बचाया। इस झगड़े के दौरान परिवार का सदस्य तरुण अपने दोस्त के घर गया हुआ था और वो इस झगड़े से बेखबर था। होली खेलने निकला तरुण रात करीब 10.30 बजे अपने दोस्त के घर से वापस लौट रहा था, इसी दौरान रास्ते में करीब 8 से 10 आरोपियों ने उसे घेर लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान आरोपियों ने लाठी, पत्थर और लोहे की रॉड से तरुण को बेरहमी से पीटा। जब वह बेसुध हो गया तो आरोपी मौके से फरार हो गए। परिजनों को झगड़े का पता चला तो वह मौके पर पहुंचे और उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती किया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वारदात की सूचना मिलते ही उत्तम नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

**तरुण की मौत की खबर आते ही फैल गया इलाके में तनाव-** तरुण की मौत की खबर जैसे ही पता चली तो उसके दोस्त, परिचित और इलाके में रहने वाले अन्य लोग बुरी तरह भड़क गए और उन्होंने आरोपियों के घर के बाहर तोड़फोड़ शुरू कर दी। इसी दौरान शुक्रवार को भारी पुलिस बल की तैनाती के बीच कुछ लोगों ने एक कार और एक मोटरसाइकिल को आग लगा दी। जिसके बाद दमकल की गाड़ियों को तुरंत मौके पर भेजा गया, जिन्होंने आग पर तुरंत काबू पा लिया। इसी बीच कुछ प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर आरोपी परिवार के घर पर हमला करने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस कर्मियों ने हस्तक्षेप करते हुए स्थिति और बिगड़ने से पहले भीड़ को तितर-बितर कर दिया। उधर बेटे तरुण की मौत के बाद पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल था। परिवार की एक महिला ने न्याय की मांग करते हुए कहा कि घटना के सभी आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। वहीं परिवार के कुछ सदस्यों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं होने पर सड़कों को जाम करने की चेतावनी भी दे दी। मामला तब और गंभीर होने लगा जब मामले में हिंदूवादी संगठन के सदस्यों की भी एंट्री हो गई। एक हिंदू राजनीतिक संगठन के सदस्य भी थाने पहुंचे और विरोध प्रदर्शन में शामिल हो गए, नारे लगाए और घटना में शामिल सभी लोगों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।हालांकि शुक्रवार को पुलिस ने बताया कि इस वारदात के संबंध में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है और एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया है, जबकि घटना में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के प्रयास जारी हैं। अधिकारी ने कहा कि इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए एहतियात के तौर पर अतिरिक्त बल तैनात किए गए। हाल ही में ऐसे कई वारदातों की झड़ी लगी है जिसमें हिन्दू युवकों किशोरों व्यापारियों को मजहबी नफरती हत्यारों ने कत्ल कर अपनी बर्बरता का हवाला दिया है। अभी बीस दिन पहले ईस्ट दिल्ली के मयूर विहार के आगे त्रिलोकपुरी में 42 साल के वीर सिंह की बेरहमी से हत्या कर दी गई जानकारी के मुताबिक, यासीन और यामीन नाम के शख्स ने वीर सिंह की ही दुकान में चाकू मारकर उनकी हत्या कर दी गई थी। गोकुलपुरी में हिमांशु सीलमपुर में नाबालिग कुणाल हरिनगर में हरीश का भी इसी तरह मुसलिम हत्यारों ने कत्ल किया है। एक के बाद एक दिल्ली में घटित हो रही ये वारदात सामान्य अपराध नहीं है इन सब के पीछे कुछ नफरती लोगों द्वारा मजहब के नाम पर वहाटसएप और मजहबी तकरीरों के जरिए पैदा किया जा रहा नफरती जहर काम कर रहा है। हाल की वारदात का दक्षिणी दिल्ली का यह इलाका पाकिस्तान या बांग्लादेश का नही है लेकिन दो अलग अलग धर्म मजहब के परिवार के बीच इस तरह का खूनी संघर्ष समाज में बढ़ती असहिष्णुता और वहशियत भरी बर्बरता को उजागर करता है आखिर ये कौन सी मानसिकता है जो लोगों के बीच नफरत बो रही है? क्या पानी या रंग की दो बूंद पड़ जाने से किसी का मजहब अपमानित हो सकता है? क्या जाने अनजाने में ऐसा कोई बर्ताव किसी का कत्ल करने की सोच पैदा कर सकता है? क्या यह एक दर गुजर करने लायक बात नही थी? क्या ऐसे खून खराबा करने वाले लोगों में कानून का तनिक भी खौफ है?

# संघ द्वारा चलाए जा रहे पंच परिवर्तन कार्यक्रम से समाज परिवर्तन सम्भव है




लेखक-प्रहलाद सबनानी

आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं और यदि हम संघ की 100 वर्षों की यात्रा पर दृष्टि डालें, तो ध्यान में आता है कि संघ के स्वयसेवकों ने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में विचार और क्रियाशीलता के स्तर पर सक्रिय योगदान दिया है। वे अनेक क्षेत्रों में परिवर्तन के वाहक भी बने हैं। प्रारम्भ का सीमित संघ कार्य, समय के साथ व्यापक होता गया है। समाज की विभिन्न आवश्यकताओं को समझते हुए स्वयंसेवक विविध आयामों में अपने सहयोगियों के साथ क्रियाशील बने हैं। परिणामतः संघ के उद्देश्य के अनुरूप, देश में हिंदुत्व का जागरण करने की दिशा में विशेष प्रगति हुई है। हिंदुत्व के जागरण से, समाज में जाति, वर्ग, भाषा इत्यादि के आधार पर होने वाले अनेक प्रकार के भेदभाव, धीरे धीरे कम होने लगे हैं। श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन, अयोध्या मंदिर में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा, कुम्भ जैसे विराट आयोजन इत्यादि अनेक ऐसे अवसर आए हैं - जहां हिंदू समाज का एक संगठित, भव्य और उच्च आदर्शों से युक्त स्वरूप सामने आया है। यह दृश्य समाज में आत्मविश्वास जगाने वाला बन रहा है। हम सब मिलकर देश के भविष्य को उज्जवल एवं सुदृढ़ बना सकते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सकारात्मक वातावरण निर्मित कर सकते हैं। इसलिए ये हमारी राष्ट्रीय एकात्मता को सुदृढ़ करने वाले आयोजन सिद्ध हुए हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष केवल इतिहास की उपलब्धियां नहीं है, बल्कि भविष्य की दिशा का संकल्प हैं। आज, जब हम राष्ट्रीयस्वयं संघ की 100 वर्षों की इस यात्रा को देखते हैं, तो यह भी स्पष्ट होता है कि समाज में जिस परिवर्तन के लिए संघ के स्वयंसेवक सक्रिय रहे हैं वह अब दिखाई देने लगा है। हिंदुत्व और इसकी परम्पराओं पर लोगों का विश्वास बढ़ा है। समाज के अनेक लोग इस तथ्य को स्वीकार कर रहे हैं और इसका अनुभव भी कर रहे हैं। हिंदुत्व की इस जागृति के कारण लोग अब हिंदू होने में गर्व का अनुभव कर रहे हैं। एक समय था जब सार्वजनिक जीवन में हिंदू समाज की कमियों को ही उजागर किया जाता था, जिससे अनेक लोग हिंदुत्व की अच्छाईयों को पहचान नहीं पाए, किंतु अब स्थिति बदल रही है। लोग अपने पूर्वजों के धर्म और परम्पराओं को महत्व देने लगे हैं। वे अपने बच्चों के नामकरण से लेकर विवाह पद्धति तक में हिंदू संस्कारों का समावेश कर रहे हैं। घर की परम्पराओं को आदरपूर्वक अपनाया जा रहा है। उक्त वर्णित सम्पूर्ण प्रक्रिया का उद्देश्य है - एक सच्चरित्र, प्रामाणिक और संस्कारवान पीढ़ी का निर्माण करना। ऐसी पीढ़ी समाज का वातावरण सुधार कर घर और समाज में सुख शांति स्थापित कर सकती है। इसलिए, इन मूल्यों और संस्कारों को महत्व देने और उन्हें अपने जीवन में उतारने के प्रयास आज घर घर में होने लगा हैं। लोग अब ऐसे सभी मंचों और माध्यमों से जुड़ने के लिए प्रयत्नशील हैं जो इस दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। संघ को भी लोग इस दृष्टि से एक महत्वपूर्ण माध्यम मानने लगे हैं और विश्वासपूर्वक संघ से जुड़ने का उत्साह दिखा रहे हैं। जैसे जैसे हिंदुत्व पर विश्वास बढ़ रहा है, वैसे वैसे भारत के प्रति श्रद्धा और विश्वास, व्यापक और गहरा हो रहा है। संघ का मानना है कि "वसुधैव कुटुंबकम्" के आदर्श पर चलकर भारत न केवल अपने समाज को सशक्त करेगा, बल्कि पूरी दुनिया को शांति, सद्भाव और सहयोग का संदेश देकर विश्वगुरु की भूमिका निभाएगा। यह सब भारतीय समाज में परिवर्तन लाकर ही फलिभूत हो सकता है। संघ द्वारा अपनी स्थापना के समय लिए गए संकल्पों को शीघ्र ही पूर्ण करने के उद्देश्य से अपने इस शताब्दी वर्ष में कुछ विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से भारतीय समाज को (1) अपने नागरिक कर्तव्यों के प्रति सजग करने, (2) पर्यावरण के प्रति सचेत करने, (3) नागरिकों में स्व के भाव को जगाने एवं स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने, (4) कुटुम्ब प्रबोधन के माध्यम से पारिवारिक भावना जागृत करने एवं (5) समाज में समरसता के भाव को सुदृढ्ढ करने के लिए गम्भीर प्रयास किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम को "पंच परिवर्तन" का नाम दिया गया है और इसका आह्वान परम पूजनीय सर संघचालक श्री मोहन जी भागवत द्वारा किया गया है ताकि अनुशासन एवं देशभक्ति से ओतप्रोत युवा वर्ग अनुशासित होकर अपने देश को आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य करे। इस पंच परिवर्तन कार्यक्रम को सुचारू रूप से लागू कर समाज में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। व्यवहार में पंच परिवर्तन को समाज में किस प्रकार लागू करना है इस हेतु हम समस्त भारतीय नागरिकों को मिलकर प्रयास करने होंगे, क्योंकि पंच परिवर्तन केवल चिंतन, मनन अथवा बहस का विषय नहीं है बल्कि इस हमें अपने व्यवहार में उतारने की आवश्यकता है। उक्त पांचों आचरणात्मक बातों का समाज में होना सभी चाहते हैं, अतः छोटी-छोटी बातों से प्रारंभ कर उनके अभ्यास के द्वारा इस आचरण को अपने स्वभाव में लाने का सतत प्रयास अवश्य करना होगा।

# न्यूज़ीलैंड विमेंस पेसर ली ताहूहू का वनडे क्रिकेट से संन्यास

### व्हाइटफर्न्स की टॉप विकेट टेकर रहीं; कहा- टी-20 वर्ल्ड कप अगला टारगेट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड विमेंस क्रिकेट टीम की अनुभवी तेज गेंदबाज ली ताहूहू ने वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया। 35 साल की ताहूहू ने अपने 15 साल लंबे वनडे करियर पर ब्रेक लगाया। वे टी-20 क्रिकेट खेलना जारी रखेंगी, उन्होंने कहा कि उनका टारगेट इस साल जून में होने वाला वर्ल्ड कप है। न्यूजीलैंड की सबसे सफल वनडे गेंदबाज ताहूहू ने 2011 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना वनडे डेब्यू किया था। तब से वे कीवी टीम के बॉलिंग डिपार्टमेंट को लीड कर रही हैं। उन्होंने पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका के खिलाफ अपना आखिरी वनडे खेला। इस मुकाबले में उन्होंने 9 रन देकर 1 विकेट लिया।

#### ताहूहू के नाम 3 बड़े रिकॉर्ड्स

- **सबसे ज्यादा विकेट:** वे न्यूजीलैंड की ओर से वनडे में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं। उन्होंने 103 मैचों में 125 विकेट झटके।
- **100 मैचों का क्लब:** वे न्यूजीलैंड की उन चुनिंदा 12 महिला खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्होंने 100 से ज्यादा वनडे मैच खेले।
- **वर्ल्ड कप का अनुभव:** ताहूहू ने अपने करियर में 4 वनडे वर्ल्ड कप (2013, 2017, 2022 और 2025) खेले।

#### सपना सच होने जैसा रहा सफर

ताहूहू संन्यास की घोषणा करते हुए ताहूहू भावुक नजर आईं। उन्होंने कहा, 'व्हाइटफर्न्स के लिए वनडे खेलना हमेशा गर्व की बात रही। जब मैंने शुरुआत की थी, तो एक मैच खेलना भी बड़ी बात थी, लेकिन अपने देश के लिए 100 से ज्यादा मैच खेलना मेरे लिए सपने जैसा है। मैं इस सफर की हर याद को संजोकर रखूंगी।'

## ब्रेट ने पांच गेंदों में पांच विकेट लिए: न्यूजीलैंड के डोमेस्टिक टूर्नामेंट में किया कारनामा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के घरेलू टूर्नामेंट प्लंकेट शील्ड में 8 मार्च को सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के ब्रेट रैंडेल नाम के तेज गेंदबाज ने इतिहास रच दिया। सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स और नॉर्दर्न ड्रिस्ट्रिक्ट्स के बीच नेपियर के मैकलीन पार्क में खेले जा रहे मुकाबले में रैंडेल ने पहली पारी में लगातार 5 गेंदों पर 5 विकेट झटक लिए। फर्स्ट क्लास क्रिकेट के इतिहास में पहली बार किसी गेंदबाज ने लगातार पांच गेंदों पर पांच विकेट झटके हैं। इससे पहले आयरलैंड के ऑलराउंडर कर्टिस कैम्फर ने 2021 में एक घरेलू टी-20 मैच में लगातार पांच गेंदों पर पांच विकेट झटके थे। रैंडेल की गेंदबाजी से नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स की टॉप ऑर्डर ढह गई। टीम 9 रन पर 5 विकेट गंवा बैठी, वह भी सिर्फ रैंडेल की पांच गेंदों में। रैंडेल ने अपनी दूसरी ओवर की आखिरी गेंद पर



ओपनर हेनरी कूपर को बोल्ड किया। अगली ओवर की पहली गेंद पर जीत रावल को आउट किया। इसके बाद जो कार्टर को कैच आउट कराकर हैट्रिक पूरी की। चौथा विकेट रॉबर्ट ओ'डॉनेल का रहा, जो स्लिप में कैच हुए। पांचवां विकेट क्रिस्टियन क्लार्क का रहा, जिनका अंदरूनी किनारा लगकर गेंद स्टंप्स से टकरा गई। उस समय रैंडेल के आंकड़े 2.4 ओवर में 2 रन देकर 5 विकेट थे। बाद में रैंडेल ने आठ गेंदों में छह विकेट लेकर एक और रिकॉर्ड बनाया। रैंडेल ने 3.5 ओवर में सात विकेट पूरे किए और 11 ओवर में 25 रन देकर करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (7/25) किया।

## भारतीय ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश ने प्राग अंतर्राष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट में स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो को हराया




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश ने कल चेक गणराज्य में आयोजित प्राग अंतर्राष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट के मास्टर्स वर्ग के नौवें और अंतिम दौर में स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो को हराया। भारत के अरविंद चिदंबरम ने अंतिम दौर में चेक गणराज्?य के डेविड नवारा को हराकर 5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरा स्थान हासिल किया। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव 6 अंकों के साथ पहले स्थान पर रहे। चैलेंजर्स वर्ग में, भारत की दिव्या देशमुख ने चेक गणराज्य की हर्बेक स्टेपन को हराकर 5 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। ग्रैंडमास्टर सूर्य शेखर गांगुली 4 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

## अमीलिया ने 44 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा: वनडे में 7 विकेट लिए



**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड विमेंस की कप्तान अमीलिया कर ने रविवार को डुनेडिन के यूनिवर्सिटी ओवल मैदान में इतिहास रच दिया। जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे वनडे में कर ने महज 34 रन देकर 7 विकेट झटके। यह न्यूजीलैंड विमेंस के लिए वनडे क्रिकेट में अब तक की बेस्ट बॉलिंग परफॉर्मेंस है।जैकी लॉर्ड का 1982 में बना रिकॉर्ड तोड़ा अमीलिया कर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 7 विकेट लेकर जैकी लॉर्ड का 44 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। जैकी ने 1982 के विमेंस वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ महज 10 रन देकर 6 विकेट लिए थे। तब से कोई भी कीवी गेंदबाज एक पारी में 7 विकेट नहीं ले पाई थीं।जिम्बाब्वे की पारी 102 रन पर सिमटी न्यूजीलैंड की घातक गेंदबाजी के सामने जिम्बाब्वे की टीम ताश के पत्तों की तरह ढह गई। पूरी टीम 102 रन ही बना पाई। ओपनर केलिस एनध्लोवु ने 12 और विकेटकीपर मोडेस्टर मुपाचिक्वा ने 32 रन बनाकर टीम को 50 के पार पहुंचाया। वहीं औड्रे माज्विशाया ने 13 और तेंदाई माकुशा ने 12 रन बनाकर जिम्बाब्वे को किसी तरह 100 रन के पार कराया। न्यूजीलैंड के लिए मौली पेनफोल्ड ने जिम्बाब्वे के टॉप ऑर्डर को तोड़ते हुए शुरुआती 3 विकेट लिए। इसके बाद कर ने मोर्चा संभाला और एक के बाद एक 7 विकेट लेकर जिम्बाब्वे की कमर तोड़ दी। ब्री इलिंग, रोजमेरी मेयर और नेन्सी पटेल कोई विकेट नहीं ले पाईं। दुनिया की 7वीं गेंदबाज बनीं अमीलिया अमीलिया कर दुनिया की 7वीं ही गेंदबाज बनीं, जिन्होंने एक विमेंस वनडे में 7 विकेट लिए।



## तजिंदरपाल सिंह ने बढ़ाया मान, 20 मीटर से अधिक के थ्रो के साथ गोला फेंक में जीता स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तजिंदरपाल सिंह तूर ने शनिवार को इंडियन ओपन थ्रो प्रतियोगिता के पहले दिन गोला फेंक (शॉट पुट) स्पर्धा में 20 मीटर से अधिक का थ्रो करके स्वर्ण पदक जीता।एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक तजिंदरपाल सिंह तूर ने शनिवार को इंडियन ओपन थ्रो प्रतियोगिता के पहले दिन गोला फेंक (शॉट पुट) स्पर्धा में 20 मीटर से अधिक का थ्रो करके स्वर्ण पदक जीता। पंजाब के 31 वर्षीय एथलीट ने सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 20.51 मीटर की दूरी के थ्रो से स्वर्ण पदक जीता।पटियाला स्थित राष्ट्रीय खेल संस्थान परिसर में दो दिवसीय प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान हासिल करने के बाद तूर ने कहा, मैं अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हूं। तूर ने दो अन्य प्रयासों (20.02 मीटर और 20.07 मीटर) में भी 20 मीटर का आंकड़ा पार किया जिससे संकेत मिलता है कि उनका प्रशिक्षण सत्र अच्छा चल रहा था। उनके अन्य तीन प्रयास विफल रहे। तूर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 21.17 मीटर जून 2023 में बना था। इस सत्र में उनका मुख्य लक्ष्य जापान के आइची-नागोया एशियाई खेलों में अपने खिताब को बरकरार रखने के लिए साल के अंत तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। पटियाला में शनिवार को आयोजित हैमर थ्रो प्रतियोगिता में रिलायंस का प्रतिनिधित्व करने वाले स्वर्ण पदक विजेता दमनीत सिंह पर भी सबकी निगाहें टिकी थीं।

## ऑल इंग्लैंड ओपन 2026: विक्टर लाई को हराकर लक्ष्य सेन ने कटाया फाइनल का टिकट

**बर्मिंघम, एजेंसी।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने ऑल इंग्लैंड ओपन चैंपियनशिप 2026 के फाइनल में अपनी जगह बना ली है। लक्ष्य दो बार इस टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने पुरुष सिंगल्स के सेमीफाइनल मुकाबले में कनाडा के विक्टर लाई को हराते हुए फाइनल का टिकट हासिल किया। 24 साल के लक्ष्य ने दाहिने पैर के अंगूठे में छालों के बावजूद एक घंटे 37 मिनट तक चले मुकाबले में विक्टर लाई को 21-16, 18-21, 21-15 से मात दी। सेन के मेंटोर प्रकाश पादुकोण 1980 और 1981 में ऑल इंग्लैंड फाइनल में पहुंचे थे, और उन्होंने पहली बार में ही खिताबी मुकाबले में जीत दर्ज की थी। शनिवार को सेन और लाई के बीच हुए सेमीफाइनल मैच में दोनों खिलाड़ियों के स्टैमिना का टेस्ट हुआ, क्योंकि उन्होंने कई रैलियां कीं जो 50 स्ट्रोक से ज्यादा चलीं। सेन की अतिरिक्त गेयर ढूंढने की काबिलियत ने ही भारतीय खिलाड़ी को पहला गेम जीतने में मदद की। लक्ष्य ने पहले गेम को 17-16 से अपने नाम किया।

# मिडिल-ईस्ट तनाव के कारण आईसीसी की दोहा मीटिंग टली

### अब अप्रैल में हो सकती है, नई तारीख अभी तय नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने 25 से 27 मार्च के बीच दोहा (कतर) में होने वाली अपनी बोर्ड और कमेटी मीटिंग को फिलहाल टाल दिया है। अब यह बैठक अप्रैल में होने की संभावना है, हालांकि नई तारीख अभी तय नहीं की गई है। आईसीसी नए तारीख पर विचार कर रहा यह बैठक आईसीसी के गवर्नेंस कैलेंडर का हिस्सा थी, जिसमें बोर्ड डायरेक्टर्स, बोर्ड्स के चीफ एग्जीक्यूटिव, कमेटी सदस्य और सीनियर अधिकारी शामिल होने वाले थे। बैठक में ग्लोबल क्रिकेट से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा होनी थी।

इससे पहले आईसीसी ने 22 फरवरी को घोषणा की थी कि बैठक दोहा में आयोजित होगी, क्योंकि कतर में क्रिकेट के विकास और वहां के खेल इकोसिस्टम के साथ ढ्ढष्टष्ट की साझेदारी तेजी से बढ़ रही है। फिलहाल, आईसीसी नए वेन्यू और तारीख पर विचार कर रहा है। माना जा रहा है कि हालात सामान्य होने पर अप्रैल में यह बैठक कराई जा सकती है। आईसीसी चेयरमैन जय शाह आज अहमदाबाद में रहेंगे आज टी-20 वर्ल्ड कप का फाइनल अहमदाबाद में खेला जाएगा। इस मौके पर आईसीसी के चेयरमैन जय शाह समेत काउंसिल के कई अधिकारी शहर में मौजूद रह सकते हैं। अहमदाबाद जय शाह का होमटाउन भी है। फाइनल में भारत और न्यूजीलैंड आमने-सामने होंगी। इस वजह से न्यूजीलैंड के चेयरमैन रोजर ट्वोस के भी आज रात नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मौजूद रहने की संभावना है। जंग का आज नौवां दिन अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज नौवां दिन है।

**व्यापार**

## शेयर बाजार के नए धुरंधर हैं डिफेंस स्टॉक, क्या ले लेंगे टीसीएस, इंफोसिस और विप्रो की जगह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत डायनेमिक्स लिमिटेड के सर्वे का भाव 215 रुपये से 1355 रुपये के स्तर पर पिछले 4 साल में पहुंच गया है। इस दौरान कंपनी के सर्वे की कीमतों में 500 प्रतिशत की तेजी आई है। वहीं, बीईएल के सर्वे की कीमतों में 4 साल में 600 प्रतिशत की तेजी से दर्ज की गई है। पिछले दो दशक के दौरान भारतीय शेयर बाजारों में आईटीओ कंपनियों जैसे टीसीएस, इंफोसिस और विप्रो ने शानदार रिटर्न दिया है। लंबी अवधि में इन कंपनियों ने इंजीनियरों को मालामाल कर दिया है। रूस और यूक्रेन युद्ध के बाद गतिविधियों में काफी बदलाव आया है। उसके बाद से ही ये कंपनियां इंजीनियरों को अच्छा रिटर्न देने में असफल रही हैं। लेकिन इस दौरान डिफेंस कंपनियों के सर्वे की कीमतों में काफी तेजी आई है। जिसके बाद से यह सवाल उठ रहा है कि क्या डिफेंस कंपनियां दिग्गज आईटी कंपनियों की जगह शेयर बाजार में ले लेंगी भारत डायनेमिक्स लिमिटेड के सर्वे का भाव 215 रुपये से 1355 रुपये के स्तर पर पिछले 4 साल में पहुंच गया है। इस दौरान कंपनी के सर्वे की कीमतों में 500 प्रतिशत की तेजी से आई है।

## ईरान-अमेरिका जंग की वजह से बंद हो रही भारत की रिफाइनरी कंपनी ने चीज बता दिया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच छिड़ी जंग ने भारतीय मार्केट को भी प्रभावित किया है। शेयर बाजार से लेकर तेल कारोबार तक में हलचल है। मीडिया में तो ये खबरें भी चल रही थीं कि मंगलौर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) की रिफाइनरी को बंद किया जा रहा है। अब सोशल मीडिया पर चल रही उन खबरों का कंपनी ने आधिकारिक तौर पर डाला है। कंपनी ने साफ किया है कि कच्चे तेल की कमी की अटकलों के बावजूद उसका ऑपरेशन पूरी तरह से उत्पादन रूप से जारी है। सरकारी नियंत्रण वाली इस रिफाइनरी ने शनिवार को ऑयलप्राइस डॉट कॉम द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर पोस्ट किए जाने के बाद औपचारिक स्पष्टीकरण जारी किया। वायरल पोस्ट में कहा गया था कि 300,000 बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) की क्षमता वाली रिफाइनरी अपनी इकाइयों को बंद कर रही है क्योंकि क्षेत्रीय तनाव के कारण मध्य पूर्वी कच्चे तेल की आपूर्ति खाड़ी देशों में फंसी हुई है। एमआरपीएल ने इन सप्लाई को तथ्यात्मक रूप से गलत बताया है और कहा है कि रिफाइनरी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चल रही है और उसने निकट भविष्य के लिए अपनी आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षित कर ली है। एक आधिकारिक बयान में कंपनी ने कहा- हम स्पष्ट करते हैं कि यह तथ्यात्मक रूप से गलत है। एमआरपीएल सामान्य रूप से काम कर रहा है और उसने संचालन जारी रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में कच्चे तेल का आवंटन कर लिया है। रिफाइनरी बिना किसी यूनिट के बंद हुए अपनी सामान्य क्षमता पर काम कर रही है। कच्चे तेल की कमी की अफवाहों के विपरीत, कंपनी ने पर्याप्त मात्रा में कच्चे तेल का स्टॉक कर लिया है।

## एलपीजी के बाद अगला नंबर पेट्रोल और डीजल का क्या बढ़ने जा रही हैं कीमतें

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर पर 60 रुपये की कीमत बढ़ा दी थी। वहीं, कमर्शियल गैस सिलेंडर 115 रुपये महंगा हो गया था। जिसके बाद से ही इस बात की चर्चा शुरू हो गई कि क्या आने वाले समय में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी बढ़ोतरी होगी शुक्रवार की देर रात को एलपीजी की कीमतों में सरकार की तरफ से बढ़ोतरी की गई थी। सरकार ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर पर 60 रुपये की कीमत बढ़ा दी थी। वहीं, कमर्शियल गैस सिलेंडर 115 रुपये महंगा हो गया था। जिसके बाद से ही इस बात की चर्चा शुरू हो गई कि क्या आने वाले समय में पेट्रोल और डीजल की कीमतों



में भी बढ़ोतरी होगी इस पर सूत्रों के सर्वे से बड़ी खबर सामने आई है। समाचार एजेंसी एन जरूरतमंद की रिपोर्ट के अनुसार सरकार से जुड़े सूत्रों ने बताया कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं होने जा रहा है। सूत्रों के अनुसार सरकार ने स्ट्रेट ऑफ हॉर्मज के अलावा अन्य स्रोतों से कच्चे तेल के आयात को 10 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है। ईरान पर हमला कर दिया था। जिसके बाद ईरान के सुप्रीम लीडर की मौत हो गई। जिसके बाद ईरान के सुप्रीम लीडर की सेना ढ्ढक्रत्रष्ट ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते को बंद करने का ऐलान किया था। इस रास्ते दुनिया के इंपोर्ट होने वाले तेल का 20 परसेंट हिस्सा आता है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक खाड़ी देशों ने भारत के सप्लाई किए जाने वाले क्रूड ऑयल को आधा कर दिया है। वहीं, एलएनजी और एलपीजी की सप्लाई भी प्रभावित हुई है। 2025 में भारत ने कुल 25 मिलियन टन की एलएनजी इंपोर्ट की थी। जिसमें 14 मिलियन टन एलएनजी स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते से आया था। बता दें, भारत, चीन, जापान और साउथ कोरिया जैसे की लिस्ट में शामिल है। जो दुनिया में सबसे ज्यादा एलएनजी इंपोर्ट करते हैं। सरकार से जुड़े सूत्रों का कहना है कि एनर्जी स्टॉक में तेजी से के साथ सुधार हो रहा है। हालांकि, एलपीजी की स्थिति को लेकर सरकार में चिंता है। कतर ने भारत सरकार को दावा दिया है कि जैसे ही यह रास्ता पूरी तरह से खुलता है वैसे ही वह अपनी सप्लाई शुरू कर देगा।

## गूगल सीईओ पिचाई को तोहफा, 3 साल में मिलेगी 5700 करोड़ सैलरी, चेक करें डिटेल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुंदर पिचाई साल 2015 में गूगल के सीईओ बने थे और 2019 में उन्हें उसकी पैरेंट कंपनी अल्फाबेट का भी सीईओ बना दिया गया। उनके नेतृत्व में कंपनी ने क्लाउड कंप्यूटिंग, हार्डवेयर डिवाइसेज और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में तेजी से विस्तार किया है। गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट ने अपने मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुंदर पिचाई के लिए एक नया सैलरी पैकेज मंजूर किया है। यह सैलरी पैकेज तीन साल के लिए 692 मिलियन डॉलर (करीब 5700 करोड़ रुपये) का है। फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस पैकेज का एक बड़ा हिस्सा परफॉर्मेंस स्टॉक यूनिट्स (पीएसयू) से जुड़ा है। यह 126 मिलियन डॉलर का है।



इन्हें दो बराबर भागों में बांटा गया है और अंतिम भुगतान एसएंडपी 100 इंडेक्स में शामिल कंपनियों के सापेक्ष अल्फाबेट के प्रदर्शन से जुड़ा है। इसका मतलब है कि सुंदर पिचाई की वास्तविक कमाई इस बात पर निर्भर करेगी कि आने वाले वर्षों में अल्फाबेट का प्रदर्शन कैसा रहता है और उसके शेयरों की कीमत कितनी बढ़ती है।

यदि अल्फाबेट अपने प्रतिस्पर्धियों से काफी बेहतर प्रदर्शन करता है तो परफॉर्मेंस स्टॉक यूनिट्स भुगतान दोगुना बढ़कर 252 मिलियन डॉलर हो सकता है जबकि कमजोर प्रदर्शन होने पर यह शून्य हो सकता है। पिचाई को इसी तीन साल की अवधि में 84 मिलियन डॉलर के प्रतिबंधित स्टॉक भी मिलेंगे। जब तक पिचाई कंपनी में बने रहेंगे, ये शेयर मासिक रूप से वेस्ट होते रहेंगे। उनका वार्षिक वेतन 2 मिलियन डॉलर ही रहेगा। इस पैकेज की तुलना सोशल मीडिया पर एलन मस्क को टेस्ला से मिले बड़े वेतन पैकेज से भी की जा रही है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- (LOKTANTRAKISHAAN@GMAIL.COM

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)